कोटद्वार, शुक्रवार
14 नवम्बर 2025
वर्ष: 47
अंक: 181 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नगेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान: हटेंगी 16 दुकानें

चमोली : बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्यों को तेजी से किया जा रहा है। अधिकांश कार्य अंतिम चरण में चल रहे हैं। इसी क्रम में अब धाम में साकेत चौराह से मंदिर के आस्था पथ तक 16 दुकानों को हटाया जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने दुकानों के मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्य चल रहे। कार्यों की प्रशासन से लेकर उत्तराखंड शासन तक नियमित निगरानी की जा रही है। यहां तक कि पीएमओ से भी समय-समय पर कार्यों का निरीक्षण करने के लिए अधिकारी आते हैं।

मास्टर प्लान के द्वितीय चरण के काम भी शुरू हो चुके हैं। इसी क्रम में अब धाम में साकेत चौराह से मंदिर मार्ग पर स्थित 16 दुकानों को हटाने की कवायद शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने दुकानों का मूल्यांकन शुरू कर दिया है। यहां पर मार्ग के चौड़ीकरण सहित मास्टर प्लान के अन्य कार्य किए जाने हैं। एसडीएम ज्योतिर्मठ चंद्रशेखर वशिष्ठ ने बताया कि साकेत चौराह से मंदिर को जोड़ने वाले मार्ग पर 16 दुकानें हैं, जिनका मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। भवन स्वामियों के साथ बैठक हो गई है। जल्दी आगे की प्रक्रिया को भी पूरा कर लिया जाएगा। (एजेंसी)

टिहरी बांध के ऊपर आम जन के लिए यातायात रहेगा बंद

नई टिहरी। दिल्ली में हुए धमाके के बाद गृह मंत्रालय के अलर्ट के चलते जिले में पुलिस और संबंधित एजेंसियों ने सुरक्षा व्यवस्था और चौकस कर दी है। बाजारों और कस्बों में पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सतर्क रहने की अपील की जा रही है। वहीं टिहरी डैम टॉप से भी आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है। दिल्ली में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हो गई हैं। एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि जिले के बॉर्डर पर निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस को संदिग्ध वाहनों सहित अन्य गतिविधियों पर नजर रखने और सघन चेकिंग के निर्देश दिए हैं। एसएसपी के निर्देश पर वीरवार को नगर क्षेत्र में कोतवाली निरीक्षक ऐश्वर्य पाल और चंबा में थानाध्यक्ष विपिन बहुगुणा के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों को इस बाबत जरूरी निर्देश दिए हैं।

इधर, गृह मंत्रालय के अलर्ट के बाद टीएचडीसी इंडिया और सीआईएसएफ ने टिहरी डैम की सुरक्षा को और कड़ी कर दी है। टीएचडीसी प्रबंधन और सीआईएसएफ ने टिहरी डैम टॉप के ऊपर से आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी वाहनों की आवाजाही पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है। जिससे प्रतापनगर, जाखनीधार, भिलंगना, कीर्तिनगर आदि क्षेत्र के लोगों को अब जीरो पॉइंट से होते हुए उब्रड़ खाबड़ रास्ते के 12 किमी अतिरिक्त दूरी तय करके जाना पड़ेगा। टीएचडीसी के महाप्रबंधक विजय सहगल ने बताया कि डैम में कुछ मरम्मत कार्य होने हैं। जिसके चलते वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई है।

यूपीईएस के दीक्षांत समारोह में डिग्रियां पाकर खिले चेहरे

देहरादून। यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस) के दीक्षांत समारोह में गुरुवार को डिग्रियां और मेडल पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल गए। पांच दिनों तक चले इस समारोह में सातों स्कूलों और यूपीईएस ऑनलाइन के स्नातक के 32 सौ से ज्यादा विद्यार्थियों को उपाधियां बांटी गई। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय ने पतंजलि आयुर्वेद के सीईओ आचार्य बालकृष्ण और फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट सुनील सेठी को उनके क्षेत्रों में असाधारण योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। यूपीईएस ने इस अवसर पर 107 मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। जिनमें 13 छात्रों को गोल्ड मेडल, 71 को सिल्वर मेडल और 23 को लेटर ऑफ एप्रिसिएशन से नवाजा गया। समारोह का सबसे प्रतिष्ठित प्रेसिडेंट्स गोल्ड मेडल स्कूल ऑफ लॉ की छात्रा मैत्रयी दुबे (बीए एलएलबी ऑनर्स) को प्रदान किया गया। अन्य प्रमुख पुरस्कार विजेताओं में शशांक ध्यानी, आशी जैन, आकांक्षा किर्पाल, ऋतु महावर, संस्कृति द्विवेदी, शंभवी अग्रवाल और अद्वैतेशा गुप्ता शामिल हैं।

घास लेने गई महिला को गुलदार ने बनाया निवाला

पोखड़ा विकासखंड के ग्राम बगड़ीगाड की घटना

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पोखड़ा विकासखंड के ग्राम बगड़ीगाड़ में गुलदार ने एक महिला को अपना निवाला बना दिया। महिला गांव के समीप खेतों में चारापत्ती लेने के लिए गई हुई थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ रोष व्यक्त किया। साथ ही गुलदार को कैद करने के लिए गांव में पिंजरा लगाने की मांग उठाई। कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी वन विभाग लापरवाह बना हुआ था।

जानकारी के अनुसार, घटना गुरुवार दोपहर करीब दो बजे की है। ग्राम बगड़ीगाड निवासी रानी देवी (65) पत्नी रमेश कुमार गांव के समीप ही चारा पत्ती काट रही थी। इसी दौरान उस पर गुलदार ने हमला कर दिया। गुलदार के हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है।

घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण

ग्रामीणों ने बताया कि रानी देवी अपनी बहू सपना को दिन का खाना बनाने के लिए बोलकर घास काटने के लिए गई थी।

काफी देर तक जब रानी देवी घर नहीं लौटी तो बहू सपना ने अपने बेटे कार्तिक को दादी को बुलाने के लिए भेजा। बताया कि जैसे ही कार्तिक वहां गया तो उस पर भी गुलदार ने हमला कर दिया। इस हमले में वह घायल हो गया। वहीं, ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए क्षेत्र में पिंजरा लगाने की

मुख्यमंत्री धामी ने टनकपुर सहकारिता मेला का किया शुभारंभ

सीएम ने चंपावत को 88.11 करोड़ की विकास सौगात दी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को टनकपुर पहुंचे, जहाँ उन्होंने 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' के उपलक्ष्य में सहकारिता विभाग उत्तराखंड द्वारा आयोजित "सहकारिता मेला" का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान, टनकपुर में फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया और विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि आपसी सहयोग, सामाजिक समरसता और सामूहिक विकास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि "सहकारिता आंदोलन राज्य की आर्थिक प्रगति की रीढ़ है, जिससे किसान, युवा और महिलाएँ आत्मनिर्भर बन सकते हैं।" मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सहकारिता की भावना को ग्राम्य जीवन से लेकर शहरी समाज तक पहुँचाने की दिशा में अत्यंत सराहनीय पहल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहकारिता विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के कृषकों को प्रोत्साहन स्वरूप चार कास्तकारों को प्रत्येक को 1–1 लाख के चेक वितरित किए। दूधारू पशु पालन हेतु

यह प्रोत्साहन राशि पान सिंह, किशन सिंह, संदीप सिंह सहित चार लाभार्थियों को प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आगे बढ़कर अन्य किसानों के लिए उदाहरण बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने जनपद चंपावत को 8810.90 लाख (लगभग 88.11 करोड़) की कुल 08 विकास योजनाओं की सौगात दी– जिनमें 03 योजनाओं का लोकार्पण और 05 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

लोकार्पण –कुल 03 योजनाएँ, लागत 2478.56 लाख

नायकगोठ–हनुमानगढ़ी मोटर मार्ग पर आर्च मोटर सेतु (1377.14 लाख)

विधानसभा क्षेत्र चंपावत के ग्राम नायकगोठ से हनुमानगढ़ी खेतखेड़ा थ्यालखेड़ा मोटर मार्ग पर निर्मित 125 मीटर स्पान आर्च मोटर सेतु का लोकार्पण किया गया, जिससे स्थानीय संपर्कता को नया बल मिलेगा। चंपावत के आंतरिक संपर्क मार्गों का हॉट मिक्स द्वारा सुधार (992.12 लाख) प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा चंपावत के आंतरिक मार्गों को सुदृढ़ करने का कार्य पूर्ण किया गया।

3. कलेक्ट्रेट भवन का कुमाऊँनी शैली में पुनर्निर्माण (109.30 लाख), ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा पारंपरिक स्थापत्य शैली में कलेक्ट्रेट भवन का पुनर्निर्माण कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया गया।

शिलान्यास–कुल 05 योजनाएँ, लागत 6332.34 लाख, . तहसील कार्यालय चंपावत भवन का निर्माण (1385.68 लाख), उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, लोहाघाट द्वारा प्रस्तावित इस भवन से प्रशासनिक कार्यक्षमता को मजबूती मिलेगी।

पेंशन का लाभ न देने के मामले में सचिव को अवमानना नोटिस

नैनीताल, हाईकोर्ट ने आदेश के बाद भी आईटीआई के 70 अनुदेशकों को नियमितीकरण के बाद पेंशन आदि सेवा लाभ नहीं देने के मामले में सुनवाई करते हुए प्रशिक्षण एवं कौशल विकास सचिव रविशंकर को अवमानना नोटिस जारी कर 5 दिसंबर को विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से पेश होने के निर्देश दिए। गुरुवार को न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ में अनुदेशक गिरीश दुर्गापाल व अन्य की अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें कहा गया कि 2013–14 में विभाग ने उनको नियमित किया। नियमितीकरण के बाद पेंशन आदि सेवा लाभ नहीं दिए गए तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

कोर्ट ने 2018 में हक में निर्णय दिया तो सरकार ने विशेष अपील दायर कर चुनौती दी तो कोर्ट ने अपील खारिज कर दी। इसके बाद सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की तो 14 अक्तूबर 2024 को एसएलपी खारिज कर दी, फिर सरकार ने पुनर्विचार याचिका दायर की, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2025 में खारिज कर दिया, इसके बाद भी पेंशन लाभ नहीं देने पर अवमानना याचिका दायर की।

पदोन्नति निर्धारण करते हुए वरिष्ठता सूची जारी करें : हाईकोर्ट

नैनीताल। हाईकोर्ट में गुरुवार को प्रदेश के एलटी शिक्षकों और प्रवक्ताओं की पदोन्नति के मामले पर दायर कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश जी नरेंदर व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सरकार से वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति का निर्धारण करते हुए वरिष्ठता सूची जारी करने व पदोन्नति का लाभ देने को कहा है। मामले के अनुसार, प्रदेश के एलटी शिक्षकों और प्रवक्ताओं की पदोन्नति के मामले पिछले कई वर्षों से रुके हुए हैं। इसे लेकर शिक्षक लंबे समय से सरकार से मांग करते आ रहे हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है, कि प्रधानाचार्य पद की सीधी भर्ती को निरस्त किया जाए।

इस पद को पदोन्नति से भरा जाए, न कि सीधी भर्ती से। वे वर्षों से कार्य करते आ रहे हैं, लेकिन सरकार उनको इसका लाभ नही दे रही है। अभी तक कोई विचार नही किया गया है। जबकि कई शिक्षक सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। उन शिक्षकों को ग्रेच्युटी और पेंशन का लाभ मिल चुका है। उनकी भी पदोन्नति सुप्रीम कोर्ट की ओर से पारित आदेश 'भुवन चंद्र कांडपाल' के केस के आधार पर की जाए। मामले में त्रिविक्रम सिंह, लक्ष्मण सिंह खाती समेत अन्य ने याचिकाएं दायर की हैं।

डिजिटल अरेस्ट कर 87 लाख रुपये की ठगी में एक गिरफ्तार, महिला को नोटिस

देहरादून। एसटीएफ के अधीन साइबर अपराध थाना देहरादून पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट पर बड़ी कार्रवाई की। उत्तराखंड के दो लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर 87 लाख रुपये की ठगी में शामिल आरोपी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया। रकम जमा करने के लिए जिस महिला के बैंक खातों का उपयोग हुआ, उसे नोटिस तामिल कराया गया। इनके बैंक खातों में नौ करोड़ के लेनदेन का पता लगा। इनके खिलाफ देशभर में कुल 24 शिकायतें दर्ज हैं। एसटीएफ के आईजी नीलेश आनंद भरणे, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर और एएसपी कुश मिश्रा ने गुरुवार दोपहर प्रेसवार्ता कर मामले में जानकारी दी। बताया कि बीते सितंबर में दून निवासी पीड़ति का केस दर्ज किया गया। पीड़ति को अगस्त–सितंबर में वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनाया गया। आरोपियों ने खुद को मुंबई साइबर क्राइम और सीबीआई अधिकारी बताकर पीड़ति की आईडी पर मोबाइल नंबर के दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग के फर्जी मामले में फंसाने का डर दिखाया। उनसे सत्यापन के नाम पर 59 लाख रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवाए गए। इसी तरह कुमाऊं के साइबर अपराध थाने में एक व्यक्ति से 28 लाख रुपेय साइबर ठगी का केस दर्ज किया गया। दोनों मामलों में जांच की गई। साइबर क्राइम पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर किरण कुमार (31 वर्ष) को बेंगलुरु के येलहंका से नौ नवंबर को गिरफ्तार किया। उसे छह दिन की ट्रांजिट रिमांड पर दून लाया गया।

दिल्ली में कार ब्लास्ट करने वाले आतंकी की हुई पहचान

धमाके से पहले मस्जिद गया था उमर उन नबी

नई दिल्ली ,दिल्ली ब्लास्ट केस में कार चलाने वाले आतंकवादी की पहचान हो गई है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया है कि लाल किला विस्फोट स्थल से एकत्र किए गए नमूनों के डीएनए विश्लेषण से यह पुष्टि हुई है कि उमर उन नबी उस कार को चला रहा था, जिसमें विस्फोट हुआ था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उमर नबी की मां और भाई के डीएनए नमूने एकत्र करके एम्स की फोरेंसिक प्रयोगशाला भेजे गए, जहां उनका मिलान दिल्ली के लोक नायक अस्पताल में रखे शवों के अवशेषों से किया गया। धमाके के बाद आई–20 कार के स्टीयरिंग के पास उसके पैर का एक टुकड़ा मिला था, जिसे वहां से बरामद किया गया था। बाद में, जांच अधिकारियों ने उसका मिलान उमर के डीएनए से किया। डीएनए परीक्षण से पुष्टि हुई है कि लाल किले के पास विस्फोट करने वाला व्यक्ति उमर उन नबी ही था। इस मामले में एक और खुलासा हुआ है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार, लाल किला विस्फोट के आरोपी डॉक्टर मुजम्मिल, डॉक्टर अदील और शाहीन ने मिलकर लगभग 20 लाख रुपए इका किए, जो उमर को सौंप दिए गए। उमर और मुजम्मिल के बीच पैसों को लेकर भी कुछ विवाद हुआ था।बाद में उन्होंने हरियाणा के गुरुग्राम, नूंह और आसपास के इलाकों से लगभग 3 लाख रुपए मूल्य का कई क्विंटल एनपीके उर्वरक खरीदा, जिसका इस्तेमाल आईईडी बनाने के लिए किया गया।

सूत्रों ने यह भी बताया है कि इस ग्रुप में 2 से 4 सदस्यों के लिए उमर ने सिग्नल ऐप भी बनाया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि लाल किला के नजदीक धमाका करने से पहले आतंकी उमर एक मस्जिद में भी गया था। वह वहां करीब 10 मिनट से ज्यादा वक्त तक रुका था, जिसके बाद लाल किले की तरफ चला गया। 10 नवंबर की शाम करीब 7 बजे उमर ने अपने समेत पूरी गाड़ी को उड़ा दिया।

दिल्ली धमाके के बाद कश्मीर में 500 ठिकानों पर छापेमारी

600 लोग हिरासत में, सफेदपोश मॉड्यूल पर शिकंजा

नई दिल्ली ,। दिल्ली के लाल किला के पास कार बम धमाके के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई हैं। शुरुआती जांच में इस विस्फोट की कड़ियां जम्मू–कश्मीर से जुड़ने के बाद घाटी में बड़े स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, जम्मू–कश्मीर पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने अब तक 500 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की है और करीब 600 लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह कार्रवाई मुख्य रूप से जमात–ए–इस्लामी के नेटवर्क पर की जा रही है। एजेंसियों का कहना है कि इनपुट मिले थे कि प्रतिबंधित संगठन जमात–ए–इस्लामी एक बार फिर से घाटी में अपना ढांचा खड़ा करने की कोशिश कर रहा है, जिसके बाद यह सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। अधिकारियों के मुताबिक श्रीनगर, कुलगाम, पुलवामा, शोपियां, बारामूला समेत कई संवेदनशील जिलों में छापेमार कार्रवाई हुई है।

'डॉक्टर मॉड्यूल पर भी कड़ा ऐक्शन

लाल किले के पास हुए धमाके की जांच के दौरान सामने आए कथित 'डॉक्टर मॉड्यूलझ् पर भी एजेंसियों ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, तीन सरकारी कर्मचारियों समेत करीब 10 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग, पुलवामा और कुलगाम जिलों में रात भर चले ऑपरेशन में कई संदिग्धों को पक-ड़ा गया। दिल्ली में सोमवार को लाल किला के पास हुए विस्फोट के बाद घाटी में आतंकी तंत्र और उसे मदद पहुंचाने वाले नेटवर्क के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। इस विस्फोट में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है।

पूछताछ में यह भी सामने आया है कि कुछ संदिग्ध पिछले एक साल के दौरान तुर्किये की यात्रा पर गए थे। विस्फोटकों के बड़े जखीरे की बरामदगी के मामले में डॉक्टरों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, अब तक 'सफेदपोश आतंकीझ् मॉड्यूल के सिलसिले में 200 से अधिक लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। यह मॉड्यूल उस समय बेनकाब हुआ, जब इस महीने की शुरुआत में गिरफ्तार किए गए दो आतंकियों के गुर्गों ने पूछताछ में अहम जानकारी दी।

650 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी, अतिवादी सामग्री बरामद

अधिकारियों के मुताबिक केवल कुलगाम में ही लगभग 200 और श्रीनगर में 150 से अधिक ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया।

सेना की भर्ती प्रक्रिया के दौरान मची भगदड़, छह युवकों की मौत; 37 से अधिक घायल

अकरा , घाना की राजधानी अकरा में बुधवार को सैन्य भर्ती अभ्यास से पहले मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गयी, 37 अन्य लोग घायल हुए हैं। घाना सशस्त्र बलों ने एक बयान में कहा है कि ये छह लोग उन लोगों में शामिल थे जो एल–वाक स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आए थे।

बयान में कहा गया, घाना सशस्त्र बलों को आम जनता को 2025/2026 भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले हुई मची भगदड़ की सूचना देते हुए गहरा दुख हो रहा है। इस घटना में छह संभावित रंगरूटों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। सेना ने भगदड़ के लिए आवेदकों की अप्रत्याशित भीड़ को जिम्मेदार ठहराया है। सेना के मुताबिक प्रतियोगियों ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया और निर्धारित स्क्रीनिंग से पहले ही गेट के अंदर घुस गए।सेना ने कहा कि घायलों को 37 सैन्य अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अहमदाबाद एयर इंडिया हादसा: पायलट के पिता ने की न्यायिक जांच की मांग

नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने 12 जून 2025 को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच पर बड़ा कदम उठाया है। कोर्ट ने पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल के पिता पुष्कर राज सभरवाल और इंडियन पायलट फेडरेशन की याचिका पर केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब मांगा है। याचिका में हादसे की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की गई है। 12 जून 2025 को एयर इंडिया की फ्लाइट 171 दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इसमें पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल समेत 270 लोगों की मौत हो गई थी। पायलट के पिता ने कहा कि उनके बेटे का 30 साल का करियर बेदाग रहा। इस दौरान एक भी हादसा नहीं हुआ। अब जब पायलट जीवित नहीं हैं, तो वे अपना बचाव नहीं कर सकते। इसलिए निष्पक्ष जांच जरूरी है। याचिका में कहा गया है कि एयरक्राफ्ट एक्सिडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की जांच पर भरोसा नहीं किया जा सकता। इसकी जगह सुप्रीम कोर्ट के एक रिटायर्ड जज की अगुवाई में स्वतंत्र पैनल बनाया जाए। साथ ही एएआईबी की जांच को तुरंत रोका जाए और सभी सबूत कोर्ट की निगरानी वाली कमेटी को सौंपे जाएं। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि हादसे की जांच अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) के नियमों के तहत हो रही है।

नतीजों से पहले राहुल विदेश में, प्रियंका गांधी वाड्रा का भी पता नहीं

नई दिल्ली ,भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी बिहार चुनावों से पहले विदेश दौरे पर गए हैं, जबकि प्रियंका गांधी वाड्रा कहां है, यह किसी को नहीं पता। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राहुल गांधी बिहार चुनाव की तैयारी के दौरान ज्यादातर समय विदेश में रहे और अब नतीजों से ठीक पहले वे फिर से विदेश में हैं। भारत के बाहर ऐसी क्या मजबूरी है कि वे यहां मुश्किल से ही समय बिताते हैं? और प्रियंका वाड्रा कहां हैं? लगता है किसी को पता ही नहीं। उन्होंने आगे लिखा, एक ऐसी पार्टी जिसके पास नेतृत्व या दिशा नहीं है, जो एक महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षण में भटक रही है। यह कांग्रेस या उसके समर्थकों के लिए शुभ संकेत नहीं है। गौरतलब है कि शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे। राज्य में 2 चरणों में 6 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान हुआ, जिसमें बिहार के मतदाताओं ने अब तक सबसे अधिक वोट डाले।

सीबीआई कोर्ट ने रिश्वतखोरी मामले में बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच मैनेजर को सजा सुनाई

लखनऊ , उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित सीबीआई कोर्ट ने रिश्वतखोरी के एक मामले में बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच मैनेजर को दोषी ठहराते हुए सजा का ऐलान किया है। कोर्ट ने गुरुवार को दोषी ब्रांच मैनेजर को 50 हजार रुपए के जुर्माने के साथ 5 साल की कैद की सजा सुनाई। दोषी राम स्वरूप मिश्रा अंबेडकर नगर के बसखारी शाखा में बैंक ऑफ बड़ौदा में ब्रांच मैनेजर थे। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 7 मार्च 2017 को शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था। आरोप लगाया गया कि शिकायतकर्ता को बैंक ऑफ बड़ौदा की बसखारी शाखा से 'कामधेनु योजनाझ् के तहत 20.25 लाख रुपए का लोन स्वीकृत किया गया था। लोन की एक आंशिक राशि शिकायतकर्ता के खाते में जमा कर दी गई थी। हालांकि, बाद में खाते पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद जब शिकायतकर्ता ने खाते पर रोक का कारण जानने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच में मैनेजर राम स्वरूप मिश्रा से संपर्क किया, तो ब्रांच मैनेजर ने 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की।

ऑपरेशन ट्रैक डाउन : हरियाणा पुलिस ने 1631 अपराधियों को किया गिरफ्तार

चंडीगढ़ , हरियाणा पुलिस ने अपराध के खिलाफ अपने सबसे बड़े अभियान 'ऑपरेशन ट्रैक डाउनझ् में अब तक की सबसे बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के नेतृत्व में चल रहे इस राज्यव्यापी मिशन के तहत अब तक कुल 1,631 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 319 कुख्यात और अंतरराज्यीय अपराधी शामिल हैं। 'ऑपरेशन ट्रैक डाउनझ् हरियाणा पुलिस की वह पहल है, जिसका लक्ष्य राज्य में सक्रिय वांछित, फरार, इनामी और आदतन अपराधियों को पकड़कर कानून–व्यवस्था को और मजबूत बनाना है। यह अभियान पुलिस की खुफिया जानकारी, तकनीकी क्षमता और फील्ड समन्वय का बेहतरीन उदाहरण बन गया है। अंबाला पुलिस ने अंतरराज्यीय ईरानी गैंग के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य सरगना गुलाम अब्बास उर्फ रिहाना रजवी, मोहम्मद खान, अकबर मियां शेख और असदुल्ला खान उर्फ कालिया शामिल हैं। यह गिरोह देशभर में सोना और हीरे की चोरी व ठगी की 105 से अधिक वारदात में शामिल रहा है। पुलिस ने इनके पास से चार मोबाइल, चार सिम कार्ड और दो स्कूटी बरामद की हैं। इन बरामदगी से यह स्पष्ट होता है कि यह गिरोह देश के कई राज्यों में फैले नेटवर्क के जरिए सक्रिय था। सिरसा जिले की डबवाली पुलिस ने नशा तस्करी के नेटवर्क पर करारा वार किया है। पुलिस ने 256.13 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी कीमत करीब सवा करोड़ रुपए आंकी गई है।

इस कार्रवाई में तीन अंतरराज्यीय नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि ये आरोपी पंजाब और हरियाणा में हत्या, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट जैसे गंभीर मामलों में पहले से वांछित थे।

सम्पादकीय

खंडित होती मर्यादाएं

सोशल मीडिया के बढ़ते चलन के साथ ही लोगों में खुद को विख्यात करने की होड़ भी मच गई है। सोशल मीडिया के कई ऐसे प्लेटफार्म है जो छोटे–छोटे वीडियो के माध्यम से यहां एक तरफ अच्छा संदेश भी देते हैं तो कुछ वीडियो अभद्रता एवं अश्लीलता की सीमाओं को भी पार कर रहे हैं। यही नहीं धार्मिक सहिष्णुता तथा भावनाओं को भुनाने का काम भी कई प्लेटफार्म के माध्यम से किया जा रहा है, जिस कारण लोगों में आपसी नफरत एवं वैभवनस्य भी बढ़ रही है। रील बनाने का खेल इस कदर हावी हो चुका है कि लोग अपनी मान मर्यादाएं और शब्दों की गरिमाएं भी भूल चुके हैं। सरकार का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ज्यादा नियंत्रण नहीं है, लेकिन कई बार ऐसे आपत्तिजनक एवं समाज में जहर घोलने वाले वीडियो पर कार्रवाई जरूर की गई है। ब्लॉग बनाने की होड़ जानलेवा भी साबित हो रही है जिसका एक ताजा उदाहरण ऋषिकेश में देखने को मिला है जहां जंपिंग प्लेटफार्म से वीडियो बनाते समय एक व्यक्ति नीचे गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। ऐसी घटनाएं आमतौर पर अब रोज ही नजर आने लगी है जहां रील के फेर में कोई नदी में बह गया तो कहीं आते–जाते लोगों को ही परेशान किया जा रहा है। अभद्रता अश्लीलता तथा नफरत फैलाने का कारोबार बिना रोक–टोक के चल रहा है लिहाजा सरकार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अंकुश लगाने की जरूरत है। सभ्यता, संस्कृति तथा मर्यादाओं को बचाने के लिए किसी को तो पहल करनी ही होगी और यह कार्य यदि वैधानिक तौर पर लागू किया जाए तो निश्चित तौर पर इसका असर देखने को मिलेगा।अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर नजर रखनी चाहिए कि वह किस प्रकार की पोस्ट सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं जिससे न केवल अक्सर बदनामी का कारण बनना पड़ता है बल्कि कई बार स्थितियां काफी विकट भी हो जाती है। हालांकि सोशल मीडिया समाज में जागरूकता का कार्य भी करता है और इसके परिणाम भी तत्काल प्रभावी साबित होते हैं लेकिन जब तक अश्लीलता और अमर्यादित कृत्यों पर रोक नहीं लगाई जाएगी तब तक सोशल मीडिया की अच्छाइयों पर ऐसी बुराइयां हावी होती रहेगी। इसके लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन और एडवाइजरी जारी करनी चाहिए जिस पर मॉनिटरिंग भी बेहद जरूरी है। इसके अलावा धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली पोस्ट पर कानूनी कार्रवाई हो जबकि अश्लीलता और नग्नता परोसने वाले लोगों को भी दंडित किया जाए।

भारत की श्रम संहिताएं: अनौपचारिकता से समावेशन की ओर

मार्टिन लूथर किंग ने एक समय कहा था, "मानवता को ऊपर उठाने वाले हर श्रम की गरिमा और महत्व है। इसे श्रमसाध्य उत्कृष्टता के साथ किया जाना चाहिए।इइ भारत की नई श्रम संहिताएं इस आदर्श को जमीन पर उतारने की दिशा में एक कदम हैं। इनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश को बनाने, आगे ले जाने और शक्ति देने वाले लाखों लोग सिर्फ कामगार नहीं हों, बल्कि प्रगति में हिस्सेदार बनें। इन संहिताओं का लक्ष्य अनौपचारिकता को समावेशन, स्वेच्छा को आंकड़ों और असुरक्षा को सुदृश्यता से बदल कर काम की गरिमा बहाल करना है। भारत का श्रम परिवेश वर्षों से पैबंदों वाली दरी के समान रहा है। देश के 29 श्रम कानून बेशक अच्छे इरादे से लाए गए हों लेकिन सब मिल कर अस्पष्टता पैदा करते रहे थे। इसके परिणामस्वरूप अकुशलता का संतुलन दिखाई पड़ता था। कामगार में असुरक्षा थी और नियोक्ता संदेह में रहते थे। सरकार ने इन कानूनों को वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा

कार्तिक नारायण,

जैसे विश्व भर के देश प्रतिभाओं के लिए अपने भीतर देख रहे हैं। ऐसे में भारत को भी औपचारिक, औचित्यपूर्ण और गरिमामय रोजगार पैदा कर आगे बढ़ना होगा।

समूची दुनिया में आव्रजन को लेकर चिंता, अर्थव्यवस्थाओं और राजनीतिक व्यवस्थाओं को नया स्वरूप दे रही है। वैश्विक प्रतिभाओं का स्वागत करने वाले देश अब बदल रहे हैं, वे वैश्विक प्रतिभाओं के लिए पुल बनाने के बजाय अवरोध पैदा कर रहे हैं। उन्होंने प्रतिभाओं की तलाश अपने अंदर ही शुरू कर दी है। भारत इस बदलती हुई दुनिया में संपन्नता के लिए सिर्फ प्रतिभाओं के निर्यात पर निर्भर नहीं रह सकता। हमें उत्पादन के साथ ही अवसरों के लिहाज से भी आत्मनिर्भर बनना होगा। इसके जरिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वदेशी प्रगति के साथ ही देश में अच्छे भुगतान वाले, मानकीकृत और गरिमापूर्ण रोजगार पैदा हों।

मार्टिन लूथर किंग ने एक समय कहा था, "मानवता को ऊपर उठाने वाले हर श्रम की गरिमा और महत्व है। इसे श्रमसाध्य उत्कृष्टता के साथ किया जाना चाहिए।इइ भारत की नई श्रम संहिताएं इस आदर्श को जमीन पर उतारने की दिशा में एक कदम हैं। इनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश को बनाने, आगे ले जाने और शक्ति देने वाले लाखों लोग सिर्फ कामगार नहीं हों, बल्कि प्रगति में हिस्सेदार बनें। इन संहिताओं का लक्ष्य अनौपचारिकता को समावेशन, स्वेच्छा को आंकड़ों और असुरक्षा को सुदृश्यता से बदल कर काम की गरिमा बहाल करना है।

भारत का श्रम परिवेश वर्षों से पैबंदों वाली दरी के समान रहा है। देश के 29 श्रम कानून बेशक अच्छे इरादे से लाए गए हों लेकिन सब मिल कर अस्पष्टता पैदा करते रहे थे। इसके परिणामस्वरूप अकुशलता का संतुलन दिखाई पड़ता था। कामगार में असुरक्षा थी और नियोक्ता संदेह में रहते थे। सरकार ने इन कानूनों को वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल सुरक्षा की चार संहिताओं में पिरो देने का फैसला किया। यह कदम सिर्फ एक प्रशासनिक सुधार नहीं है। आधुनिकीकरण के इस अभियान में स्वीकार किया गया है कि संरक्षण और उत्पादकता को एक साथ मिलकर बढ़ना चाहिए।

इस सुधार का संबंध दृश्यता से है। नियुक्तिपत्र, वेतन की पर्ची और डिजिटल रिकॉर्ड के बिना कामगार, सरकार और बाजार दोनों की ही नजरों से ओझल रहता है। औपचारीकरण इस स्थिति में बदलाव लाता है। लिखित प्रमाण वाला हर रोजगार एक ऐसा जीवन पैदा करता है जिसकी मान्यता हो। हर डिजिटल रिकॉर्ड सामाजिक सुरक्षा से लेकर बीमा और गतिशीलता तक जाने वाला पुल होता है। यह बदलाव नियोक्ताओं को भी अनिश्चितता के बजाय एक ढांचा और स्वेच्छा की जगह आंकड़े प्रदान करता है। नियुक्ति के हर संबंध का रिकॉर्ड हो तो विश्वास को एक बुनियाद मिल जाती है।

वेतन को ही लें। भारत में विभिन्न राज्यों और उद्योगों की अलग–अलग हजारों न्यूनतम मजदूरी दरें थीं। आस–पड़ोस के जिलों के कामगारों तक को एक ही काम के लिए काफी अलग–अलग रकम मिलती थी। वेतन संहिता में मजदूरियों की एक समान परिभाषा के साथ राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी स्थापित की गई। इसके जरिए सुनिश्चित किया गया कि किसी को भी एक गरिमापूर्ण न्यूनतम सीमा से नीचे मजदूरी नहीं मिले तथा समान कार्य के लिए एक बराबर मजदूरी सिर्फ आडंबर नहीं, बल्कि नियम बन जाए। इससे श्रम के एक से दूसरे स्थान पर गमन में भी मदद मिलती है। इस संहिता ने सुनिश्चित किया कि एक से दूसरे राज्य में जाने वाले मजदूर के वेतन के अधिकार भी उसके साथ चलें।

औद्योगिक संबंध संहिता लचीलेपन और निष्पक्षता के बीच एक समान संतुलन बनाती है। भारत की अर्थव्यवस्था अब विनिर्माण, सेवाओं और तेज़ी से बढ़ते गिग क्षेत्र का मिश्रण है। लॉजिस्टिक्स, खुदरा और निर्माण जैसे कई उद्योग मौसमी माँग और परियोजना–आधारित कार्य के साथ संचालित होते हैं। निश्चित अवधि के अनुबंध अब वैध और मानकीकृत हो गए हैं। अब कंपनियां वेतन या लाभ की समानता से समझौता किए बिना नियुक्ति कर सकती हैं। कर्मचारियों के लिए लचीलेपन का मतलब अब असुरक्षा नहीं है। पुनर्कौशल निधि का निर्माण प्रतिक्रियात्मक कल्याण से सक्रिय रोज़गार की ओर बदलाव का संकेत है। नौकरी छूटने का मतलब अब चट्टान से गिरना नहीं है, यह नया सीखने और पुनः प्रवेश करने का एक सेतु बन जाता है।

सामाजिक सुरक्षा संहिता यह मानती है कि भारत का कार्यबल अब फ़ैक्टरियों तक ही सीमित नहीं है। ड्राइवर, डिलीवरी पार्टनर और फ्रीलांसर जैसे काम डिजिटल अर्थव्यवस्था के नए निर्माता हैं और अब सुरक्षा के दायरे में भी हैं। यह स्वीकार करते हुए कि काम की प्रकृति बदलती रहती है लेकिन सुरक्षा की ज़रूरत नहीं बदलती, नए प्लेटफ़ॉर्म उनके कल्याण के लिए केंद्रीय कोष में योगदान देंगे। स्व–मूल्यांकन, संगठित फाइलिंग और डिजिटल रिकॉर्ड, कागज़ों के ढेर की जगह पारदर्शिता और फाइल का शीघ्र पता लगाने की क्षमता बढ़ाते हैं। इससे अनुपालन सरल हो जाता है और नीति–निर्माण अधिक स्मार्ट हो जाता है।

प्रतिष्ठा और सुरक्षा पर ध्यान देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। संहिता केवल व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थितियां हेलमेट और रेलिंग लगाने के बारे में ही नहीं बनाई गई हैं। यह कार्यस्थल पर सम्मान के लिए बनाई गई हैं। नियुक्ति पत्र अनिवार्य हो गए हैं, स्वास्थ्य जाँच के मानक बनाये गए हैं और महिलाएँ अब सभी क्षेत्रों और शिफ्टों में काम कर सकती हैं, बशर्ते सुरक्षा उपायों में ऐसा प्रावधान सुनिश्चित किया गया हो जिससे बड़ी संख्या में महिलाएँ कार्यबल में शामिल हो सके। प्रवासी मज़दूर, जिन्हें लंबे समय से अपने ही देश में बाहरी समझा जाता रहा है, अब जहाँ भी वे काम करते हैं, कल्याणकारी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। यह समावेशन का वास्तविक रूप कहा जा सकता है।

सरलीकरण को शायद सबसे कम होने वाले लाभ के रूप में आंका गया है। अब 29 की बजाय एक पंजीकरण, एक लाइसेंस, एक रिटर्न भरना है। निरीक्षक अब सुविधा प्रदाता हैं। अनुपालन की बातचीत दंड की बजाए साझेदारी की ओर बढ़ रही है। छोटे उद्यमों के लिए जो भारत के रोज़गार की रीढ़ हैं, उनकी सुविधा के लिए अब अनुमोदन के लिए कम और व्यवसाय निर्माण के लिए अधिक समय है। औपचारिकता सिर्फ कागजी कार्रवाई नहीं है, यह उत्पादकता बढ़ाती है।

कार्यान्वयन में समय लग सकता है। राज्यों को अपने नियमों को एक समान बनाना होगा, डिजिटल प्रणालियों को सुचारू रूप से काम करना होगा, और नियोक्ताओं और श्रमिकों दोनों को एक दूसरे के अनुकूल बनाना होगा। लेकिन दिशा मायने रखती है। ये संहिताएँ एक स्पष्ट संकेत देती हैं। भारत एक ऐसा देश बनना चाहता है जहाँ नौकरियाँ न केवल सृजित हों, बल्कि उनकी गणना भी हो जिनमें लचीलापन और निष्पक्षता हो और जहाँ श्रमिक और नियोक्ता समान भागीदार हों, न कि एक दूसरे के विरोधी।

विश्व भर के देश प्रतिभाओं के लिए अपने अंदर की ओर देख रहे हैं। भारत को अपनी घरेलू श्रम प्रणाली को मज़बूत करना होगा जो पारदर्शी, सुवाह्य और निष्पक्ष हो। इन सुधारों का असली फ़ायदा तब महसूस होगा जब भारत का विकास न केवल ज़्यादा रोज़गारों से, बल्कि बेहतर औपचारिक, उच्च–वेतन और सम्मानजनक रोज़गार से भी प्रेरित हो।

इन सुधारों का अगर सावधानी और निरंतरता के साथ क्रियान्वयन किया जाए, तो ये सुधार भारत की कार्यप्रणाली को नया रूप दे सकते हैं। ये अनौपचारिकता को समावेशिता में और काम को गरिमा में बदल सकते हैं। इसको सही रूप में व्यक्त करने के लिए कर्नाटक के 12वीं सदी के बासवन्ना के इस शाश्वत संदेश कायाकावे कैलासा– काम ही स्वर्ग है से बेहतर शायद ही कोई और विचार हो। उनका आंदोलन मोची से लेकर विद्वान तक, ईमानदारी से किए गए हर पेशे को पवित्र मानता था। नई श्रम संहिताएँ इसी भावना को आगे बढ़ाती हैं कि गरिमा पद में नहीं, बल्कि प्रयास में निहित है। क्योंकि अंततः सुधार की असली परीक्षा उसके पारित होने में नहीं, बल्कि उसको व्यवहार में लाने पर होती है।

नक्शा आपकी भूमि की डिजिटल पहचान का प्रतीक

शिवराज सिंह चौहान

जब भारत एक समावेशी और विकसित भविष्य की कल्पना करता है, तो इसका सबसे मज़बूत आधार–स्तंभ भूमि है। चाहे घर हो, खेत हो, दुकान हो या स्मार्ट सिटी का सपना हो – विकास का प्रत्येक रूप भूमि पर अवस्थित होता है। हालाँकि, सच्चाई यह है कि वर्षों से हमारे भू–अभिलेख अधूरे, भ्रामक और अक्सर विवादों में उलझे रहे हैं। परिणामस्वरूप, आम नागरिकों को संपत्ति खरीदने, ज़मीन विरासत में प्राप्त करने, ऋण प्राप्त करने या सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

इन दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में, ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत भूमि संसाधन विभाग ने नक्शा (राष्ट्रीय शहरी निवास–स्थल भू–स्थानिक ज्ञान–आधारित भूमि सर्वेक्षण) कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह भारत में भूमि प्रबंधन, प्रशासन और भूमि–रिकॉर्ड रख–रखाव में बदलाव लाने की एक पहल है। यह कार्यक्रम एक पारदर्शी, डिजिटल और सत्यापित भू–अभिलेख प्रणाली का निर्माण कर रहा है, जो न केवल नागरिकों के जीवन को आसान बनाएगी, बल्कि कस्बों और शहरों के विकास को भी गति प्रदान करेगी।

भारत में, भूमि पंजीकरण लंबे समय से एक जटिल व दस्तावेज–आधारित प्रक्रिया रही है। बिक्री विलेख, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, पटवारी सत्यापन और तहसील स्तर पर प्रस्तुतियाँ झ ये सभी नागरिकों के लिए पूरी प्रणाली को बोझिल बना देती थीं। पुराने रजिस्टर और फाइलों में न केवल त्रुटियां मौजूद थीं, बल्कि इनमें आसानी से छेड़छाड़ की जा सकती थी, जो कई विवादों का मूल कारण होता है। अस्पष्ट संपत्ति अभिलेखों की वजह से बैंकों से ऋण प्राप्त करने की संभावना कम हो गयी थी। उत्तराधिकार या दाखिल–खारिज की प्रक्रिया अक्सर वर्षों तक अदालतों में अटकी रहती थी। गलत माप, अस्पष्ट सीमाएँ और स्थानीय राजनीतिक हस्तक्षेप ने इन समस्याओं को और गंभीर बना दिया। यही कारण है कि लाखों भारतीयों के लिए, सुरक्षा के स्रोत के रूप में भूमि का महत्त्व कम होता गया और यह जोखिम का प्रमुख स्रोत बन गई।

नक्शाः डिजिटल पारदर्शिता की ओर कदम

नक्शा कार्यक्रम, सटीक और डिजिटल भू–रिकॉर्ड तैयार करने के लिए ड्रोन सर्वेक्षण, जीएनएसएस मानचित्रण और जीआईएस उपकरण जैसी उन्नत तकनीकों का लाभ उठाता है। इस पहल के तहत, नागरिकों को 'योरप्रोइ (शहरी संपत्ति स्वामित्व रिकॉर्ड) कार्ड मिलता है, जो स्वामित्व का एक डिजिटल प्रमाण है और संपत्ति के लेन–देन को आसान बनाता है। सरकार 'योरप्रोइ कार्यक्रम को समर्थन दे रही है। नक्शा के साथ, लोगों को अब स्वामित्व की पुष्टि के लिए दस्तावेजों या बिचौलियों पर निर्भर रहने की ज़रूरत नहीं है। इससे ऋण प्राप्त करने, बिक्री पूरी करने, उत्तराधिकार प्राप्त करने और विवादों का निपटारा करने की प्रक्रिया तेज़ और अधिक पारदर्शी हो गयी है। अंततः, नक्शा केवल एक तकनीकी सुधार नहीं है – यह नागरिक सशक्तिकरण, समानता और भू–स्वामित्व में कानूनी आश्वासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नक्शा कार्यक्रम मुख्य रूप से उन नागरिकों को लाभान्वित करता है, जो लंबे समय से अधूरे या अप्रचलित भू–दस्तावेजों पर निर्भर रहे हैं। नगरपालिकाओं और स्थानीय परिषदों के पास अब स्वच्छ, सटीक भू–स्थानिक डेटा तक पहुँच की सुविधा है, जिससे बेहतर निर्णय लेना और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। नागरिक आसानी से ऑनलाइन प्रारूप मानचित्र देख सकते हैं और आपत्तियाँ दर्ज कर सकते हैं, जिससे इस प्रक्रिया में जनता की भागीदारी सुनिश्चित होती है। यह डिजिटल प्रणाली कराधान को अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बनाती है, साथ ही शहरी नीति–निर्माण और अवसंरचना डिज़ाइन की सटीकता और गति में सुधार करती है। संक्षेप में, जो भू–रिकॉर्ड कभी धूल भरे रजिस्टरों में केवल हस्तलिखित प्रविष्टियों के रूप में मौजूद था, वह अब रंगीन, इंटरैक्टिव और पारदर्शी डिजिटल मानचित्रों में विकसित हो गया है। यह आधुनिक, डेटा–संचालित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नक्शा कार्यक्रम का प्रभाव व्यक्तिगत स्वामित्व और प्रशासनिक दक्षता से कहीं आगे तक फैला हुआ है और यह आपदा प्रबंधन और शहरी नीति–निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में उभर रहा है। अवस्थिति की ऊँचाई का विस्तृत डेटा प्रदान करके, यह लोगों को बाढ़–जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करने में सक्षम बनाता है, जबकि चक्रवात, भूकंप या आग की स्थिति में, यह बिना किसी देरी के बचाव और राहत कार्यों को शुरू करने की सुविधा देता है। सत्यापित डिजिटल स्वामित्व रिकॉर्ड यह भी सुनिश्चित करते हैं कि मुआवजा और सहायता सही लाभार्थियों तक शीघ्रता से पहुँचे। इससे आपदा के बाद, पूर्वस्थिति को बहाल करने की प्रक्रिया अधिक कुशल हो जाती है। इसके अलावा, नक्शा संतुलित और सतत अवसंरचना विकास को बढ़ावा देकर दीर्घकालिक शहरी सुदृढ़ता का समर्थन करता है। अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और दिव्यांगजनों जैसे कमजोर समूहों के लिए, नक्शा सुरक्षा और सुलभता प्रदान करता है–उन्हें संपत्ति के रिकॉर्ड ऑनलाइन देखने और सत्यापित करने की सुविधा देता है, किसी भी धोखाधड़ी और अतिक्रमण के जोखिम को कम करता है, और सरकारी कार्यालयों के बार–बार चक्कर लगाए बिना आसान पहुँच सुनिश्चित करता है।

कीर्ति सुरेश की रिवॉल्वर रीटा की नई रिलीज डेट आउट

निर्देशक के. चंद्रू, नवीना सरस्वती सबाथम (2013) के बाद अपनी पहली फिल्म रिवॉल्वर रीटा के साथ वापसी कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज़ की तारीख, जो पहले 27 अगस्त 2025 तय की गई थी, अब 28 नवंबर 2025 कर दी गई है, जैसा कि निर्माताओं ने पुष्टि की। इस नए समय के कारण फिल्म त्योहारों के मौसम में सिनेमाघरों में अच्छी कमाई कर सकती है।

इस कॉमेडी–एक्शन ड्रामा में कीर्ति सुरेश मुख्य भूमिका में हैं, जिनका साथ राधिका सरथकुमार, रेडिन किंग्सले, माइम गोपी, सेंद्रायन और अनुभवी स्टंट कोरियोग्राफर सुपर सुब्बारायन दे रहे हैं। तकनीकी टीम में छायाकार दिनेश कृष्णन बी, संपादक प्रवीण केएल और कला निर्देशक विनोद राजकुमार शामिल हैं। पैशन स्टूडियोज और द रूट के तहत सुधन सुंदरम और जगदीश पलानीसामी द्वारा प्रोडक्शन का काम संभाला जा रहा है, जबकि ऐश्वर्या सुरेश क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं। कीर्ति सुरेश की पिछले साल चार फ़िल्में रिलीज़ हुईः सायरन, रघुथाथा, बेबीजॉन (हिंदी), और कल्कि 2898एडी में बुज्जी की आवाज़। रिवॉल्वर रीटा 2025 में उनकी पहली तमिल रिलीज़ है, इसके अलावा अनीआईवी शशि द्वारा निर्देशित एकमात्र तेलुगु ओटीटी फ़िल्म उप्पूकपुरम्बु भी है, जिसमें सुहास, बाबूमोहन, शत्रु, तल्लूरी रामेश्वरी और सुभलेखा सुधाकर भी हैं। सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के बाद, यह फ़िल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी, जिससे सिनेमाघरों के बाद प्रशंसकों को ओटीटी का विकल्प मिलेगा।

भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका: पहले टेस्ट मुकाबले का प्रीव्यू और जरुरी आंकड़े

नईदिल्ली,भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच 14 नवंबर से कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन स्टेडियम में खेला जाएगा। शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ तेम्बा बावुमा की कप्तानी में प्रोटियाज टीम कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। आइए इस मुकाबले का प्रीव्यू और अन्य जरूरी बातों के बारे में जानते हैं। टेस्ट क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 44 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 16 मैच में जीत मिली है और 18 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। 10 मैच दोनों टीमों के बीच ड्रॉ रहे हैं। भारत की धरती पर दोनों टीमों के बीच 19 टेस्ट खेले गए हैं। 11 मैच में भारतीय टीम को जीत और 5 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा (ड्रॉ– 3) है। हाल ही में ध्रुव जुरेल ने दक्षिण अफ्रीका–ए के खिलाफ इंडिया–ए की ओर से खेलते हुए दोनों पारियों में शतक लगाए थे। ऋषभ पंत की वापसी के बावजूद जुरेल भी प्लेइंग इलेवन में खेलने वाले हैं। नितीश रेड्डी टीम पहले टेस्ट की टीम से रिलीज किए जा चुके हैं।

बांग्लादेश बनाम आयरलैंडः नजमुल हुसैन शांतो ने टेस्ट में अपना 8वां शतक लगाया

नईदिल्ली,बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने आयरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट में शतक (100) लगाया। यह उनके टेस्ट करियर का कुल 8वां और आयरिश टीम के विरुद्ध पहला शतक साबित हुआ। इस बीच उन्होंने 5वें विकेट के लिए लिटन दास के साथ मिलकर 98 रन की साझेदारी की। शांतो की इस बेहतरीन पारी की मदद से बांग्लादेश ने अपनी पारी में 550 से अधिक रन बनाए। आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। पहले टेस्ट में बांग्लादेश ने जब 341 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया, तब शांतो क्रीज पर आए। सिलहट क्रिकेट स्टेडियम में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नजर आ रही पिच पर शांतो ने विपक्षी गेंदबाजों की जमकर खबर ली और 53 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने तीसरे दिन के दूसरे सत्र के दौरान अपनी पारी को शतक में तब्दील किया। वह 114 गेंदों में 100 रन बनाकर आउट हुए। शांतो ने जनवरी 2017 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था। वह अब तक 37 टेस्ट खेल चुके हैं, जिसकी 70 पारियों में लगभग 32 की औसत से 2,250 से अधिक रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 8 शतक और 5 अर्धशतक भी जड़े हैं।

कलम जख्मों पर रखनी पड़ती है, विजय वर्मा और फातिमा की गुस्ताख इश्क का ट्रेलर रिलीज

फिल्म गुस्ताख इश्क का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में विजय वर्मा और फातिमा लीड रोल में हैं। वहीं, नसीरुद्दीन शाह भी अहम किरदार अदा कर रहे हैं। यह रोमांटिक फिल्म है। ट्रेलर में विजय वर्मा का शायराना अंदाज नजर आया है। पूरे ट्रेलर में खूबसूरत शायरी सुनने को मिलती हैं, जो फिल्म की थीम से मेल खाती हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। कहानी पुरानी दिल्ली में सेट है। नसीरुद्दीन शाह एक नामी शायर के किरदार में नजर आए हैं। फातिमा सना शेख उनकी बेटी के रोल में हैं। विजय वर्मा शायरी सीखने नसीरुद्दीन के पास आते हैं। उनकी शागिर्दी में शायरी सीखते–सीखते उनकी बेटी के साथ करीबी बढ़ती हैं।

उस्ताद की बेटी (फातिमा) से विजय को प्यार होता है और दिल का मामला दोनों तरफ से शुरू हो जाता है। मगर, फिर आता है एक ट्विस्ट। नसीरुद्दीन शाह कहते हैं, यह जो जमीर है न, कांपता जरूर है।

शनाया कपूर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 में नजर आएगा दिविक शर्मा, जानिए अपडेट

फिल्म निर्माता करण जौहर स्टूडेंट ऑफ द ईयर की दो किस्त ला चुके हैं, जिन्हें लोगों का बेशुमार प्यार मिला था। अब वह इस सीरीज की तीसरी किस्त पर काम कर रहे हैं, जो वेब सीरीज के रूप में रिलीज की जाएगी। इस सीरीज की मुख्य अभिनेत्री के तौर पर शनाया कपूर को पहले ही तय किया जा चुका है। ताजा खबर है कि इस सीरीज में दिविक शर्मा की एंट्री हो गई है। आइए जानते हैं उनके बारे में। आर्यन खान की वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में दिविक को देखा गया था। उन्होंने बॉबी देओल के बेटे सौमिक तलवार का किरदार निभाया था। रिपोर्ट के मुताबिक, यह उभरता सितारा आगामी सीरीज स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 में नजर आने के लिए तैयार है। दिविक के बारे में ज्यादा जानकारी नही है, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने सिनेमा में बड़े बैनर वाली कई फिल्मों में सहायक फिल्ममेकर के तौर पर काम किया है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित

नईदिल्ली, वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 16 नवंबर से वनडे सीरीज खेलनी है। 3 मैचों की इस वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम का ऐलान किया है। वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल की लम्बे समय के बाद वनडे टीम में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज जोहान लेने और ऑलराउंडर शमर स्प्रिंगर को पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है। आइए टीम पर नजर डालते हैं।

जोहान लेने ने वेस्टइंडीज की ओर से 1 टेस्ट खेला हुआ है। इस तेज गेंदबाज ने अपने लिस्ट–ए करियर में 12 मैचों में 34.15 की औसत के साथ 13 विकेट लिए। ऑलराउंडर स्प्रिंगर ने वेस्टइंडीज की ओर से 5 टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। हालांकि, उन्होंने कोई भी वनडे और टेस्ट नहीं खेला है। 26 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 46 मैचों में 43 विकेट लिए हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 21.51 की औसत से 710 रन बनाए हैं। कैंपबेल 6 साल के अंतराल के बाद वनडे टीम में वापस लौटे हैं। उन्होंने अपना आखिरी वनडे मैच 2019 में आयरलैंड के खिलाफ खेला था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 6 वनडे मैचों में 49.60 की औसत और 115.88 की स्ट्राइक रेट के साथ 248 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक भी लगाया है। उन्होंने वेस्टइंडीज की ओर से 25 टेस्ट और 2 टी–20 अंतरराष्ट्रीय भी खेले हैं। अकील होसेन और गुडाकेश मोती, और रेमन सिमंड्स वनडे टीम में नहीं चुने गए हैं। ये तीनों खिलाड़ी पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में टीम का हिस्सा थे। अल्जारी जोसेफ, और शमर जोसेफ चोटों के कारण बाहर टीम में नहीं हैं। वेस्टइंडीज की टीमः शाई होप (कप्तान), एलिक एथानाजे, एकीम अगस्टे, जॉन कैंपबेल, कीसी कार्टी, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रीव्स, अमीर जांगू, जोहान लेने, खैरी पियरे, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडेन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, और शमर स्प्रिंगर। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 16 नवंबर को होने वाले पहले वनडे मैच से हो जाएगी। पहला मैच क्राइस्टचर्च के हेग्ले ओवल में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरे और तीसरा वनडे मैच क्रमशः 19 और 22 नवंबर को खेले जाएंगे। बता दें कि इन दोनों टीमों के बीच हाल ही में टी–20 सीरीज सम्पन्न ही, जिसे न्यूजीलैंड ने 3–1 से अपने नाम की।

संक्षिप्त समाचार

नेगी को मिलेगा नेशनल फैलोशिप अवार्ड

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी को भारतीय दलित साहित्य अकादमी की ओर से बाबा साहब डा. अंबेडकर नेशनल फैलोशिप अवार्ड 2025 दिया जाएगा। 12 दिसंबर को अकादमी के राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें यह अवार्ड दिया जाएगा।

स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति की ओर से बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अवार्ड के लिए समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी का नाम आने पर खुशी व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि राजेंद्र सिंह नेगी पिछले कई वर्षों से समाजसेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। बताया कि यह अवार्ड उन्हें वंचित, शोषित व उपेक्षित समाज की सेवा के लिए दिया जा रहा है। समिति के सदस्य कुंवर सिंह रावत ने बताया कि राजेंद्र सिंह नेगी राज्य आंदोलनकारी भी हैं। इस मौके पर गजे सिंह रावत, नारायण सिंह, गंभीर सिंह असवाल, अन्नपूर्णा जोशी आदि मौजूद रहे।

आज से शुरू होगी राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला खेल कार्यालय पौड़ी के तत्वावधान में बालक ओपन वर्ग की तीन दिवसीय राज्य स्तरीय आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू होगी। प्रतियोगिता को लेकर खेल विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। प्रतियोगिता में केवल उत्तराखंड राज्य के स्थायी निवासी खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकेंगे।

गुरुवार को प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय टीम का चयन किया गया। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों की टीमों के अलावा हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज पिथौरागढ़ व महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून जैसे संस्थानों की टीमें भी शामिल होंगी। विजेता और उपविजेता टीमों को खेल विभाग की ओर से पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। बताया कि राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जनपद पौड़ी की टीम के चयन ट्रायल्स कंडोलिया मैदान पौड़ी में आयोजित कर दिए है।

पुलिस ने निरस्त किए छः डीएल, 208 के काटे चालान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिले की पुलिस यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम और लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने वाहनों की सघनता से चेकिंग करने हुए 208 चालान किए। जबकि नशे में वाहन चलाने पर 6 चालकों के डीएल निरस्त करते हुए वाहन भी सीज किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौडी सर्वेश पंवार ने बताया कि के यातायात उल्लंघनकर्ताओं पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जनपद में यातायात चेकिंग अभियान के दौरान 6 वाहन चालको, जिसमें कोटद्वार में 3, लक्ष्मणझूला, श्रीनगर व कोतवाली पौड़ी में भी एक-एक चालक को नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। जिस पर चालकों के वाहन सीज कर ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए गए।

बालश्रम में लिप्त बच्चों के मामलों को गंभीरता से लें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कार्यालय सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीएम ने कहा कि ड्रॉपआउट बच्चों की काउंसलिंग, अनाथ और एकल माता-पिता वाले बच्चों की सूची तैयार की जाए, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके। डीएम ने कहा कि बालश्रम में लिप्त बच्चों के मामलों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाए।

गुरुवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने बचाव व पुनर्वास की प्रक्रिया को संयुक्त रूप से आगे बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में कोई भी बच्चा शैक्षणिक, सामाजिक या मानसिक रूप से उपेक्षित न रहे। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में फंसे बच्चों के पुनर्वास के लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि कोटद्वार में राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र में बालिकाओं को स्कूल जाने, चिकित्सा, अन्य आपातकालीन सुविधाओं के लिए वाहन की आवश्यकता है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान लेकर वाहन व्यवस्था के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला परिवीक्षा अधिकारी ने समिति के कार्यों, उद्देश्यों और गतिविधियों की जानकारी दी।

पालतू कुत्तों पर नकेल की तैयारी, जरूरी होगा पंजीकरण

कोटद्वार का नगर निगम कार्यालय, जहां पालतू कुत्तों के पंजीकरण को नियमावली तैयार की जा रही है।

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शहर में पालतू कुत्तों पर नकेल कसने के लिए नगर निगम खाका तैयार कर रहा है। ऐसे में अब बिना पंजीकरण कुत्ता पालने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। कुत्ता पालने से पूर्व पड़ोसी से भी अनापत्ति पत्र लेकर आना होगा। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर खूंखार कुत्तों को घुमाने पर भी प्रतिबंध होगा।

शहर के लोगों में पालतू कुत्तों को पालने का शौक लगातार बढ़ता जा रहा है। सुबह व शाम के समय खूंखार कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों पर घुमाना लोग अपनी शान मानते हैं। लेकिन, अब पालतू कुत्तों को पालने से पहले नगर निगम में पंजीकरण करवाना होगा। साथ ही निगम में अपने पड़ोसी से कुत्ता पालने की इजाजत का पत्र लेकर भी जाना होगा। नगर निगम कुत्तों पर टैग भी लगाएगा। ऐसे में यदि कोई कुत्ते को कुछ समय पालने के बाद सड़क पर आवारा छोड़ता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होना तय है।

नगर निगम की ओर से तैयार की जा रही योजना

बिना माउथ कवर के घूमा रहे खूंखार कुत्ते

शहर में कई लोग अपने ऐसे पालतू कुत्तों को बिना माउथ कवर के सड़कों में घुमाते देखे जा सकते हैं, जिन्हें खूंखार कुत्तों की श्रेणी में रखा गया है। सुबह-शाम के वक्त लोग पिटबुल, रोटविलर, जर्मन शेफल्ड सहित अन्य खतरनाक कुत्तों को लेकर सड़कों में घूमते देखे जा सकते हैं। हालांकि, अभी तक क्षेत्र में खुंखार कुत्तों के हमले की कोई घटना सामने नहीं आई है।

सुरक्षा का भरोसा, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : दिल्ली कार धमाके के बाद शहर की सुरक्षा को लेकर मुस्तैद हुई पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस ने आमजन को बेहतर सुरक्षा का आश्वासन दिया। कहा कि शहर की सुरक्षा के लिए पुलिस टीम गंभीरता से कार्य कर रही है।

गुरुवार सुबह कोतवाली परिसर से बदरीनाथ मार्ग, झांडाचौक, स्टेशन रोड सहित अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को बेहतर कानून व्यवस्था का आश्वासन दिया। कहा कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस का पहला कर्तव्य है। इसके लिए बकायदा पुलिस की विशेष टीमें भी गठित की गई हैं।

उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे कौड़िया चैक पोस्ट पर लगातार वाहनों की तलाशी की जाती है। शहर में घूमने वाले हर संदिग्ध पर पुलिस नजर रखती है। कहा कि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आमजन को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए। किसी भी तरह की अपराधिक गतिविधि होने पर उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। कहा कि पुलिस टीम शहर में रात्रि गश्त पर भी डटी रहती है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने नगर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल भ्रमण करते हुए स्थानीय नागरिकों के बीच सुरक्षा की भावना को प्रबल किया।

कोटद्वार शहर में फ्लैग मार्च निकालती पुलिस

पर्यावरण मित्रों ने कार्यालय में की तालाबंदी, वार्ता रही विफल

पर्यावरण मित्रों के कार्यबहिष्कार को पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति ने दिया समर्थन

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : समय पर मानदेय नहीं मिलने से नाराज पर्यावरण मित्रों ने गुरूवार को नगर पालिका कार्यालय में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। पर्यावरण मित्रों की नगर पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के साथ भी वार्ता विफल रही। पर्यावरण मित्रों ने चेतावनी दी कि जल्द समस्याएं हल नहीं होने पर आंदोलन को उग्र किया जाएगा। पर्यावरण मित्रों के कार्यबहिष्कार को पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति ने समर्थन दिया है। समिति के संयोजक नमन चंदोला ने कहा कि यह केवल मजदूरों का आंदोलन नहीं, बल्कि पौड़ी की गरिमा और स्वाभिमान की लड़ाई है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से तुरंत वार्ता कर समाधान निकालने की मांग की है। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने आउटसोर्स पर्यावरण मित्रों को समय पर मानदेय नहीं मिलने से नाराज होकर कार्यबहिष्कार गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रखा। गुरुवार को पर्यावरण मित्रों ने कार्यबहिष्कार करते हुए पालिका कार्यालय में तालाबंदी कर दी। इस दौरान पर्यावरण मित्रों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि नगर पालिका में आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत पर्यावरण मित्रों का मानदेय महीने की 15 से 20 तारीख तक आता है, जिससे आउटसोर्स से नियुक्त पर्यावरण मित्रों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई बार समस्या के हल की गुहार लगाई गई, लेकिन समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष हिमानी नेगी व अधिशासी अधिकारी के साथ पर्यावरण मित्रों की वार्ता हुई,

रागिनी अग्रवाल को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : मुंबई की साहित्यिक संस्था ह्यकभी कविह्न की ओर से गोविंद नगर निवासी रागिनी अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस दौरान कवियों की कविताओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

लखनऊ स्थित निराला सभागार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे कवियों ने भाग लिया। कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में गोविंद नगर निवासी रागिनी अग्रवाल को कवि काव्य सम्मान-2025 दिया गया। काव्य संग्रह काव्याक्षरी (द्वितीय संस्करण) का भी विमोचन किया गया। इस मौके पर सुप्रसिद्ध कवि स्वयं श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि प्रीति पाण्डेय, अनिल, सुरेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

प्री-प्राइमरी वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में आरूषी व प्रियांश रहे अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल देवी रोड में खेल प्रतियोगिताओं के चौथे दिन विभिन्न प्रतियोगिता हुई। इस दौरान प्री-प्राइमरी वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में आरुषी व प्रियांश ने अव्वल स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय परिसर में सबसे पहले प्री-प्राइमरी वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता हुई। जिसमें आरूषी व प्रियांश प्रथम, काशवी रावत, मितांश द्वितीय एवं काशवी गौड़, एरना तृतीय रहे। बिस्कुट रेस बालक वर्ग में ग्रंथे प्रथम, आरव नेगी द्वितीय व अक्षांत तृतीय रहे। बालिका वर्ग में आराध्य, वैश्नवी, गर्विता प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। फ्राग रेस में अनिक प्रथम, रौनक द्वितीय, अब हुरैरा तृतीय रहे। बालिका वर्ग में श्रेयांशी प्रथम, ऐंजिल द्वितीय व परिधि तृतीय रही। प्राइमरी वर्ग म्यूजिकल रेस में अवनी, अदीति बड़थ्वाल व कृतिका प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर बास्केटबाल बालक वर्ग में रमन हाउस विजेता और तिलक हाउस उपविजेता रहा। बास्केटबाल बालिका वर्ग में रमन हाउस विजेता और सुभाष हाउस उपविजेता रहा। सब. जूनियर कबड्डी बालिका वर्ग में सुभाष हाउस विजेता व रमन हाउस उपविजेता रहा। कबड्डी बालक वर्ग में सुभाष हाउस विजेता और तिलक हाउस उपविजेता रहा। जूनियर कबड्डी बालक वर्ग में तिलक हाउस विजेता और रमन हाउस उपविजेता रहा। इस मौके पर शारीरिक शिक्षक पूनम बहुखंडी, संतोष पंत, ब्रिजेन्द्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चें

प्री-प्राइमरी वर्ग की स्पून रेस में समर, अनिरूद्ध, अनोखी ने मारी बाजी

खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लालपानी स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में खेल सप्ताह के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। इस दौरान प्री प्राइमरी वर्ग की चेयर रेस में आर्य भट्ट सदन के अक्षत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्री-प्राइमरी वर्ग स्पून रेस में कक्षा एलकेजी के समर नेगी प्रथम, अनिरूद्ध द्वितीय व अनोखी उनियाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने किया। उन्होंने कहा कि खेल मानव के सर्वांगीण विकास में सहायक है। साथ ही अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। इस क्षेत्र में करियर की असीम संभावनाएं हैं। इसलिए बच्चों को खेलकूद में भाग लेना चाहिए। कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है। इस मौके पर प्रतियोगिताओं के तहत प्री-प्राइमरी वर्ग की चेयर रेस में आर्यभट्ट सदन के अक्षत प्रथम, रमन सदन की रिद्धिका द्वितीय व आर्यभट्ट सदन की चित्रा तृतीय स्थान पर रही। बुक रेस के प्राइमरी वर्ग में आर्यभट्ट सदन के शुभांकर ढौंडियाल प्रथम, रमन सदन के भवनीत रावत द्वितीय, रामानुज सदन के रैनक नेगी तृतीय रहे। फुटबाल प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में आर्यभट्ट सदन व प्राइमरी वर्ग में रामानुज सदन प्रथम रहे। वालीबाल प्रतियोगिता के सीनियर बालिका वर्ग में आर्यभट्ट ने रामानुज सदन को पराजित किया। बालकों के सीनियर वर्ग में रमन सदन विजेता रहा। क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर व सीनियर वर्ग में आर्यभट्ट सदन विजेता रहा। प्राइमरी वर्ग में भाभा सदन ने जीत दर्ज की।

आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

पाबौ ब्लॉक के कुई में बागवानी की अपार संभावनाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : विकासखंड पाबौ के ग्राम पंचायत कुई की 22 साल की युवा ग्राम प्रधान साक्षी ने जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस भदौरिया से मुलाकात की। इस मौके पर साक्षी ने बताया कि कुई में बागवानी की अपार संभावनाएं हैं। जिसके लिए विभागीय व प्रशासनिक सहयोग की आवश्कता है। उन्होंने गांव में सिंचाई के लिए सोलर पंपिंग योजना तैयार कर अमलीजामा पहनाए जाने में सहयोग की मांग की। वहीं, डीएम पौड़ी स्वाति एस भदौरिया ने कहा कि युवा जनप्रतिनिधि सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विकास कार्यों को धरातल पर उतारने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जो सराहनीय है। कुई के विकास को लेकर प्रशासन व रेखीय विभाग हर संभाव मदद करेंगे। जिसको लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

शुक्रवार को पौड़ी डीएम से मिलने आई प्रधान ने कहा कि फसलों को जंगली जानवर नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसल सुरक्षा के लिए घेरबाड़ की समुचित व्यवस्था की जाए। कहा कि कलगड़ी गाड के उफान पर आने से बरसात में ग्रामीणों के खेतों को भारी नुकसान पहुंचा है। यहां खेती को बचाने के लिए सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाय। बताया कि पंचायत में एप्पल व कीवी मिशन को धरातल पर उतारकर ग्रामीणो की आजीविका का आधार बनाया जा सकता है। जिससे ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिकी को नया मुकाम हासिल होगा। बताया कि क्षेत्र में गेहूं, धान, मंडुवा, झंगोरा सहित अन्य फसलें बहुतायत में होती हैं।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नगर पंचायत क्षेत्र स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में साप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आशा रावत ने कहा कि आधुनिक युग में नारी को अपनी क्षमताओं को पहचानकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति की महता पर प्रकाश डालना और महिलाओं को आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न संस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें गढ़वाली, कुमाऊनी, समेत सामूहिक गीत शामिल थे। स्कूल परिसर मे आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता मीना डोबरियाल ने कहा कि नारी शक्ति ही समाज की वास्तविक आधारशिला है और आत्मनिर्भर व शिक्षित नारी से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। निकिता अग्रवाल ने छात्राओं से समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने का आह्वान किया।

घुरल के अवैध शिकार में एक गिरफ्तार

रुद्रप्रयाग : वन विभाग ने राऊलैक से एक व्यक्ति को हिमालयन घुरल के अवैध शिकार में गिरफ्तार किया है। आरोपी को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। वन विभाग को सूचना मिली कि ऊखीमठ ब्लॉक के राऊलैक गांव में एक व्यक्ति द्वारा घुरल का शिकार किया गया है, वह व्यक्ति इसे प्रेशर कुकर में तैयार कर रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर रवाना हुई। वन विभाग की टीम ने मामले की पड़ताल शुरू की तो जानकारी मिली कि यह घटना को एक ग्रामीण द्वारा अंजाम दिया गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी डीएस पुंडीर ने बताया कि रुद्रप्रयाग वन प्रभाग द्वारा गुप्तकाशी यूनिट से मिली सूचना के आधार पर की गई कार्यवाही में ग्राम राऊलैंक निवासी बृजमोहन नेगी को हिमालयन घुरल का अवैध शिकार कर अपने घर पर मांस पकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की संयुक्त टीम ने घटना स्थल पर जाकर अभियुक्त बृजमोहन नेगी से पूछताछ करने पर उसके व परिजनों द्वारा हिमालयन घुरल का शिकार करने और अपने घर पर मांस को पकाने के अपराध को स्वीकार किया गया। उन्होंने बताया कि यह कृत्य वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि वन विभाग की टीम ने अभियुक्त द्वारा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत हिमालयन घुरल के अवैध शिकार करने तथा वन्यजीव का मांस पकाने जैसे अपराध के लिए आरोपी को हिरासत में लिया है।

सशक्त बन देश की तरक्की में योगदान दें महिलाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने महिलाओं से सशक्त बनकर देश की तरक्की में अपना योगदान देने की अपील की। कहा कि आज सरकार महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

गुरुवार को प्रेक्षागृह में रजत जयंती पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण, राज्य मंत्री मधु भट्ट, जिला अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विस अध्यक्ष ने कहा कि हम उत्तराखंडवासी सौभाग्यशाली हैं कि हमें इस पवित्र भूमि पर ऐसी वीर नारियाँ मिलीं, जिन्होंने अपने संघर्ष, त्याग और संकल्प से प्रदेश एवं राष्ट्र के विकास में अमूल्य योगदान दिया है। कहा कि हर महिलाओं को सशक्त बनकर देश की तरक्की में अपना योगदान देना चाहिए। कहा कि वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री ने महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए अनेक ऐतिहासिक पहल की हैं। आज महिलाएं देश के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विकासदीप मित्तल, मंडल अध्यक्ष प्रेमा खंतवाल, नीरूबाला खंतवाल, जिला प्रभारी महिला मोर्चा रीता चमोली, मोहन सिंह नेगी, रितु चमोली, सरिता आर्य, हरि सिंह पुंडीर, दीपू पोखरियाल, सौरभ नौटियाल, उर्वशी अग्रवाल, मंजू रावत, मीनाक्षी चौधरी, रजनी बिष्ट, आशा डबराल, अनिता आर्य, सुनीता कोटनाला, ज्योति सिंह आदि मौजूद रहे।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करती विस अध्यक्ष

अंर्तजनपदीय शूटिंग प्रतियोगिता 14 से

श्रीनगर गढ़वाल : एसएसबी फायरिंग रेंज में शुक्रवार से 21 वी प्रादेशिक अंतर्जनपदीय, वाहिनी राइफल/रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ सशस्त्र सीमा बल के उपमहानिरीक्षक सुभाष चंद नेगी के हाथों होगा। जबकि 16 नवम्बर को पुलिस महानिरीक्षक डा. निलेश आनंद भरणे पुरस्कार वितरण करेंगे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 13 जिलों की सिविल पुलिस, पीएसी, एसडीआरएफ और आईआरबी सहित 19 टीम प्रतिभाग कर रही हैं। (एजेंसी)

भालू के हमले में बुजुर्ग घायल, दहशत में ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिले के राठ क्षेत्र में भालू ने आतंक मचाया हुआ है। राठ क्षेत्र के थलीसैंण व पैठाणी में पिछले तीन महीने से भालू के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। गढ़वाल वन प्रभाग की थलीसैंण रेंज के सौंठ गांव में भालू ने एक ग्रामीण को घायल कर दिया। भालू के हमले के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने भालू के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई है।

थलीसैंण रेंज के रेंजर महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गुरुवार को सौंठ गांव का पाली तोक निवासी 65 साल के मान सिंह पशुओं के साथ जंगल गए थे। तभी यहां भालू ने उन पर हमला कर दिया। जिससे उनके बाएं हाथ की हथेली पर घाल के निशान हुए है। बता दें कि थलीसैंण के सौंठ, कठ्यूड, कुचौली नौड़ी व मंजरी गांव के साथ ही पैठाणी के कई गांवों में भालू ने एक के बाद अभी तक करीब 35 से अधिक मवेशियों को निवाला बना दिया है। वन विभाग ने सक्रिय भालू को कैद करने से लेकर ट्रैक्यूलाइज करने का काफी प्रयास किया, लेकिन भालू अभी तक वन विभाग की पकड़ में नहीं आ पाया है। भालू ने पाबौ में एक महिला पर हमला कर घायल कर दिया था वहीं खिर्सू के पास दो युवकों पर भी हमला कर उन्हें भी घायल कर दिया था। जिससे विभिन्न क्षेत्रों में भालू की दहशत बनी हुई है। जिला पंचायत सदस्य नौड़ी सीमा चमोली, गडरी पूनम कैंतुरा, ग्रामीण मंगल सिंह नेगी आदि ने बताया कि भालू के आतंक से ग्रामीणों की रोजमर्रा प्रभावित हो रही है। शासन से लेकर प्रशासन तक शिकायत करने के बाद भी ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है। उन्होंने जल्द ही भालू के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

जैव-चिकित्सीय अनुसंधान में बढ़ रही एआई की भूमिका

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं जंतु विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को द एआई इम्पेरेटिवः एक्सेलरेटिंग थेरेप्यूटिक डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के चिकित्सीय खोज एवं जैव-चिकित्सीय नवाचार के क्षेत्र में रूपांतरणकारी संभावनाओं का अन्वेषण करने के उद्देश्य से हुई कार्यशाला में छात्रों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यशाला के संयोजक एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जीके जोशी ने कार्यशाला के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आधुनिक जैव-चिकित्सीय अनुसंधान में एआई की भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता यूनिवर्सिटी ऑफ कैनबरा ऑस्ट्रेलिया कि प्रो. एमेरिटा प्रो. रीना घिल्डियाल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता दवा लक्ष्य की पहचान एवं प्रमाणीकरण के साथ ही प्री-क्लिनिकल ट्रायल्स के डिजाइन और प्रबंधन में एआई के योगदान के बारे में बताया।

प्रो. घिल्डियाल ने हैंड्स-ऑन सत्र का संचालन करते हुए प्रतिभागियों को एआई आधारित संगणनात्मक बुद्धिमत्ता के प्रयोग से चिकित्सीय विकास और अनुवादात्मक परिणामों में तेजी लाने के व्यावहारिक उपायों के बारे में बताया।

सूचना

मेरे सैन्य अभिलेखों में भूलवश मेरी पत्नी का नाम मीनाक्षी देवी दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पत्नी का सही व वास्तविक नाम मीनाक्षी रावत (MINAKSHI RAWAT) है।
ARMY No- 4088046F HAV
DHRIPAL SINGH
(1512/21)

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2023 में राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार से संस्थागत छात्र के रूप में कक्षा 10 की परीक्षा उत्तीर्ण की। मेरा अनुक्रमांक संख्या 23056206 है। मेरी कक्षा 10 उत्तीर्ण मार्कशीट एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं गुम हो गये है, जो तलाश करने के बावजूद भी नहीं मिल पाये।
वंश बिष्ट पुत्र गोकुल सिंह बिष्ट निवासी ग्राम लालपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।
(1510/21)

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री प्रगति नेगी के नाम पर मुख्य पोस्ट ऑफिस (बद्रीनाथ मार्ग) कोटद्वार में सुकन्या समृद्धि योजना में खाता चालू किया है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश प्रगति नेगी की जगह निष्ठा नेगी दर्ज हो गया है। मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम प्रगति नेगी है, जो कि जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में दर्ज है। अतः मेरी पुत्री के सुकन्या समृद्धि योजना के खाते में मेरी पुत्री का नाम निष्ठा नेगी की जगह प्रगति नेगी दर्ज किया जाए।
ऋतुराज नेगी पुत्र स्व. बलवीर सिंह नेगी निवासी बालासौड़, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।
(1511/21)

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
निविदा नोट संख्या PARKING-MB-HW-TW-9-25-1, जिसे 13.11.2025 को कैटलॉग संख्या 25-MB-Parking-15 के अंतर्गत मुरादाबाद मंडल ने हरिद्वार स्टेशन पर पार्किंग हेतु नीलामी के लिए निर्धारित किया गया था, किसी अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। अब उक्त नोट की नीलामी हरिद्वार स्टेशन पर पार्किंग स्थल के लिए पुनः निर्धारित की गई है, जो दिनांक 27.11.2025 को वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक (C)/मुरादाबाद (ए.सी.ओ.) द्वारा IREPS पोर्टलइंट www.ireps.gov.in पर आयोजित की गई है। नीलामी से संबंधित सामूहिक विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है। 352(I)2025
यात्रियों की सेवा में गुरुकान के साथ

एक नजर

मारपीट मामले में पांच पर हुई कार्रवाई

श्रीनगर गढ़वाल : आवास विकास मैदान में बुधवार देर रात आपसी कहासुनी के बाद युवकों और होटल संचालक के बीच मामूली सा विवाद मारपीट में बदल गया। देखते ही देखते मामला सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल होने लगा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि बीते गुरुवार देर रात्रि युवक और होटल संचालक के बीच खाने को लेकर आपसी झड़प हो गयी। बताया कि मामले में पुलिस ने शिवम बंगवाल, अपर बाजार जीजीआईसी श्रीनगर, नरेश जैन, रामलीला मैदान श्रीनगर, पवन कुमार निषाद निवासी वार्ड नम्बर-7 शास्त्री नगर हरिहरपुर सन्तकबीर नगर, विश्वजीत कुमार निवासी मौहल्ला भोजपुर कोलनी चास जिला बोकारो झारखण्ड, आशुतोष कुमार निवासी मौहल्ला भोजपुर कालोनी, बोकारो झारखण्ड को गिरफ्तार किया है। बताया कि पांचों युवकों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गई है। (एजेंसी)

जिला अस्पताल में 15 को होगा सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण

रुद्रप्रयाग : लम्बे समय बाद आखिरकार जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन सुविधा शुरू हो रही है। 15 नवम्बर को सीटी स्कैन का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। लोगों को अब श्रीनगर या अन्य हायर सेंटर की भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। जिला चिकित्सालय में दो वर्ष पूर्व विश्व बैंक द्वारा सीटी स्कैन मशीन उपलब्ध कराई गई। हालांकि इस बीच मशीन के संचालन को कई प्रयास किए गए किंतु तकनीकी दिक्कतों के कारण इसका संचालन नहीं हो सका। जनपद के मरीजों की समस्याओं को देखते हुए अब 15 नवम्बर से मशीन का संचालन शुरू करते हुए जनता को समर्पित किया जाएगा। कई बार वाहन दुर्घटना में घायल हुए लोगों को भी सीटी स्कैन के लिए जनपद से बाहर भेजा जाता था, किंतु अब मरीजों व जरूरतमंद लोगों को सभी प्रकार की सुविधा अस्पताल में ही मिलेगी। इन दिनों सीटी स्कैन कक्ष में फर्नीचर व अन्य जरूरी कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। सीटी स्कैन की सुविधा शुरू होने से ट्यूमर, कैंसर, सिर की चोट, पेट सहित शरीर की कई अन्य समस्याओं का आसानी से पता चल सकेगा। जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रवीण कुमार ने बताया कि चिकित्सालय में सीटी स्कैन शुरू होने जा रहा है इसके लिए 15 नवम्बर को मशीन का शुभारंभ कर दिया जाएगा। (एजेंसी)

नियमित सघन चेकिंग अभियान चलाएं : एसपी

चमोली : पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी की। एसपी ने गौचर मेले में हर दिन सघन चेकिंग अभियान चलाने, दिल्ली के लाल किले में हुई घटना को मद्देनजर रखते हुए सभी को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। एसपी ने जिले में होने वाले गौचर व बंड मेले को सुरक्षित व निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए बाहरी दुकानदारों का शत प्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश दिए। कहा कि सुरक्षा को देखते हुए जिले की सीमाओं, होटल-धर्मशालाओं व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में भी चेकिंग अभियान चलाएं। डोर-टू-डोर सत्यापन अभियान चलाएं। रात में संदिग्ध घूमने वालों के आईडी व फोटो लेकर रिकॉर्ड किया जाए। रात्रि में जिले की सीमा पर आने वाले वाहनों व व्यक्तियों की सघन चेकिंग की जाए। इस दौरान पिछले माह सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों एसआई लक्ष्मी प्रसाद बिजल्वाण, अपर उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह, रोहित, होमगार्ड राकेश को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। (एजेंसी)

स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन पर चंबा में धरना स्थगित

नई टिहरी, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से हुई वार्ता के बाद सभी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही के चलते सीएचसी चंबा की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर संचालित चंबा जन स्वास्थ्य सत्याग्रह आंदोलन स्थगित कर दिया है। धरना स्थल पर पहुंचे सीएमओ डॉ. श्याम विजय ने आंदोलनकारियों से वार्ता करते हुए बिंदुवार समस्या हल करने की प्रगति बताई। सीएचसी चंबा में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती,अल्ट्रासाउंड मशीन संचालन के रेडियोलॉजिस्ट,अस्पताल का उच्चीकरण समेत 15 सूत्री मांगों के निराकरण को लेकर 29 अक्तूबर से पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित सजवाण,रविंद्र रावत के नेतृत्व में स्थानीय लोगों का धरना-प्रदर्शन चल रहा है।

गौचर मेले में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु करने को रूट डायवर्ट

चमोली : गौचर में 14 से 20 नवंबर तक होने वाले 73वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले के लिए पुलिस ने वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किया है। मेले में कर्णप्रयाग की ओर से गौचर आने वाले वाहनों को भट्टनगर स्थित मेघा कंपनी के मैदान में खड़ा करना होगा जबकि रुद्रप्रयाग की ओर से आने वाले वाहनों को डाटपुल से पीछे खड़ा किया जाएगा। वाहनों के डायवर्ट होने से मेले में जाम की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। शुक्रवार 14 नवंबर से गौचर के मेला मैदान में 73वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले का शुभारंभ होगा। सात दिवसीय राजकीय मेले को देखने के लिए दूर दराज से लोग भारी संख्या में यहां पहुंचते हैं। ऐसे में कई बार हाईवे पर जाम की समस्या हो जाती है। चौकी प्रभारी गौचर मानवेंद्र गुसाईं ने

बताया कि मेले में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु करने के लिए रूट डायवर्ट किया गया है और वाहन खड़े करने के लिए मेघा कंपनी के मैदान को चुना गया है। ऐसे में कर्णप्रयाग से आने वाले वाहन यहां खड़े किए जाएंगे जिसके बाद लोगों को पैदल मेला मैदान तक पहुंचना पड़ेगा। वहीं रुद्रप्रयाग की ओर से आने वाले वाहनों को डाटपुल से पीछे हाईवे किनारे खड़ा किया जाएगा। पूर्व के हेलिपैड पर वाहनों को खड़ा किया जाता था लेकिन हेली सेवा शुरू होने से यहां पर पार्किंग की स्वीकृति नहीं मिल रही है। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पुलिस के जवानों को जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस के जवान हाईवे के अलग-अलग हिस्सों में ट्रैफिक की व्यवस्था को देखेंगे।

मेले में आयोजित कार्यक्रम की सूची

– प्रात 7:00 बजे श्री रावल देवता का पूजन

– प्रात 10:00 बजे शिशु प्रदर्शनी

प्रात 11:00 बजे मुख्य अतिथि करेंगे मेले का उद्घाटन

शाम 6:00 बजे फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

रात्रि 9:00 बजे जागर गायिका डॉ. पम्मी नवल देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति।

मुनिकीरेती पुलिस ने 3.16 लाख की शराब पकड़ी

नई टिहरी। थाना मुनि की रेती पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए तस्करी कर ले जा रहे लगभग 3.16 लाख लागत की 35 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। एसएसपी ने पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की बात भी कही है। पुलिस की मीडीया सेल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एसएसपी आयुष अग्रवाल के नेतृत्व में सीएम धामी के उत्तराखंड को नशामुक्त करने के प्रयासों को लेकर लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। जिसके तहत थाना मुनिकीरेती पुलिस ने पुलिस चैकिंग के दौरान बीती रात्रि को अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चैकिंग अभियान के दौरान बीती रात्रि को शिवपुरी में चौकी प्रभारी शिवपुरी उपनिरीक्षक विनोद कुमार एवं सीआईयू ढालवाला की संयुक्त टीम ने हैंवल नदी पुल के पास एक सफेद रंग के छोटा हाथी वाहन को बिना चालक के खड़ा पाया गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वाहन से कुल 35 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। वाहन स्वामी का नाम गायत्री विहार हरिद्वार निवासी इजहार अली पुत्र मुस्ताक अली है। मामले में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। फरार वाहन स्वामी को पकड़ने की कार्यवाही तेज कर दी गई है।

प्रतापनगर में धरना स्थगित, घनसाली में 20वें दिन भी जारी

नई टिहरी। प्रतापनगर ब्लाक में स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिए दो माह का समय देते हुए यूकेडी ने धरना 8वें दिन समाप्त कर दिया है। इस मौके पर उन्होंने तहसीलदार आनंद पाल के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर सीएचसी चौंड में विशेषज्ञ डाक्टरों को शीघ्र नियुक्त करने की मांग भी की। यूकेडी ने कहा कि दो माह में यदि स्थिति न सुधारी गई तो, वृहत आंदोलन को अंजाम दिया जायेगा। आठवें दिन स्वास्थ्य केंद्र चौण्ड में चल धरना–प्रदर्शन इसके साथ ही स्थगित हो गया। इस मौके पर यूकेडी के प्रतापनगर ब्लाक के अध्यक्ष रामदेव ने कहा की प्रतापनगर में स्वास्थ्य व्यवस्था के नाम पर खुले रैफर सेंटरों को शासन प्रशासन दो महीनों में सुदृढ़ करे। इसके लिए राज्यपाल को ज्ञापन भेज दिया गया है। दो माह मे यदि स्थिति न सुधरी तो आंदोलन के लिए शासन–प्रशासन जिम्मेदार होगा। यूकेडी ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर सीएचसी चौंड में हड्डी रोग विशेषज्ञ, ईएनटी सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, आई, दांत और बाल रोग विशेषज्ञ की प्राथमिकता से तैनाती के साथ ही समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो 108 वाहनों की व्यवस्था, प्रत्येक पीएचसी में खुशियों की सवारी की व्यवस्था, आधुनिक एक्स–रे व अल्ट्रासाउंड मशीन की सुविधा, पदों के सापेक्ष स्टाफ नर्सों की तैनाती की मांग की है। इस मौके पर राकेश असवाल, भरत चंद रमोला, सोदन कुड़ियाल, नारायण सिंह राणा , नागेंद्र सिंह, हेमराज कलूड़ा आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर घनसाली और पीएचसी पिलखी में भिलंगना ब्लाक की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर 20वें दिन भी धरना–प्रदर्शन जारी रहा। इस अवसर पर आंदोलनकारियों ने शासन–प्रशासन के रवैये पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। पिलखी में आंदोलनकारियों ने पूर्व में मृत प्रसूताओं के परिजनों को 20–20 लाख रुपये मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने के साथ ही उप जिला अस्पताल एवं पिलखी को सीएचसी में उच्चीकृत करने की मांग दोहराई। जबकिघनसाली में सर्वदलीय स्वास्थ्य संघर्ष समिति ने 7 सूत्रीय जनाधिकार मांग पत्र जारी किया।

जिसमे उन्होंने सीएचसी बेलेश्वर एवं पीएचसी पिलखी में विशेषज्ञ चिकत्सकों की नियुक्ति एवं स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने, उप जिला अस्पताल की स्थापना करने, मृतक अनीशा रावत, रवीना कठैत एवं पूरब सिंह रावत की मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच एवं परिजनों को 20–20 लाख रुपये का मुआवजा देने, मरीजों को बेस अस्पताल श्रीनगर के बजाय एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर करने, पोस्ट मार्टम केंद्र की स्थापना के साथ ही सीमांत क्षेत्र के सभी अस्पतालों में चिकित्सकों की नियुक्ति करने की मांग की।

जिले के बड़े बकायेदारों पर जिला प्रशासन की कार्रवाई, सम्पति कुर्क

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल द्वारा समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने–2 क्षेत्र में बड़े बकायदारों से राजस्व वसूली के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में आज उप जिलाधिकारी न्याय कुमकुम जोशी के नेतृत्व में राजस्व की टीम ने तहसील सदर अन्तर्गत बड़े बकायदारों की सम्पत्ति कुर्क की कार्यवाही की गई जिसमें मैसर्स साई कन्स्ट्रक्शन बिल्डर्स राजीव त्यागी का विसप्रिंग विला राजपुर रोड पर 4 बीएचके फ्लैट सील, डीएचएफएल प्रमेसिया लाईफ इंश्योरेंश क0 लि0, एवं मैसर्स ओपीजी टीवी, प्रो0 सुमित प्रकाश गुप्ता कैनाल रोड की सम्पति कुर्क की कार्यवाही कर सम्पत्ति सील कर दी गई हैं। मैसर्स साई कन्स्ट्रक्शन बिल्डर्स राजीव त्यागी 196/3–1 राजपुर रोड पर लगभग 3.41 करोड़ की जीएसटी वसूली थी का विसप्रिंग विला राजपुर रोड पर 4 बीएचके फ्लैट सील कर दिया गया है। डीएचएफएल प्रेमेसिया लाईफ इंश्योरेंश क0

लि0, पर लगभग 33.83 लाख एवं 10 प्रतिशत् संग्रह व्यय की कुर्की की कार्यावाही करते हुए कार्यालय सील, कर दिया गया है। वहीं मैसर्स ओपीजी टीवी, प्रो0 सुमित प्रकाश गुप्ता कैनाल रोड पर लगभग 20.10 लाख एवं अन्य कुर्की की कार्यवाही में कृष्णा होम राजपुर रोड में फ्लैट सील कर दिया गया है जिलाधिकारी के सख्त निर्देश हैं कि जिले के बड़े बकायेदारों से राजस्व वसूली की जाए, राजस्व जमा न कराने की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के तहत् सम्पत्ति कुर्क करने की कार्यवाही की जाए।

दून में कई लोगों ने ली उत्क्रांद की सदस्यता

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के सदस्यता अभियान में कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। दल के केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार को सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। महानगर के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र रमोला ने सदस्यता दिलवाई। वरिष्ठ नेता देवेंद्र कंडवाल ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय पार्टियों के द्वारा लोगों का शोषण किया जा रहा है। इससे लोग परेशान हो गए हैं और दल की सदस्यता ले रहे हैं। केंद्रीय महामंत्री किरन रावत ने कहा कि जिन उद्देश्यों के लिए राज्य का गठन हुआ था, वो आज भी अधूरे हैं। मौके पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षता संतोष भंडारी, वरिष्ठ नेता लताफ़त हुसैन, तनुजा कार्की ,कल्पना संगीता ,नेगी लक्ष्मी भंडारी, हंसी देवी ,देवकी रावत, उषा रावत आदि मौजूद थे।

दस से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को नहीं मिलेगा नया भवन

रुद्रप्रयाग : जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में जहां छात्र संख्या 10 से कम है वहां भवन पुनर्निर्माण के प्रस्ताव पर महज एक कक्ष बनाने की ही अनुमति दी जाएगी। नए भवन के लिए विभागीय स्तर पर स्वीकृति नहीं दी जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक अजय चौधरी ने बताया कि जनपद में 8 से 10 विद्यालय जर्जर की श्रेणी में है। जबकि यहां छात्र संख्या में भी 10 से नीचे हैं। इन विद्यालयों में भवन पुनर्निर्माण के नाम पर महज एक कक्षा-कक्ष को बनाने की स्वीकृति दी जाएगी। एक ही कक्ष में प्रधानाचार्य कार्यालय के साथ ही कक्षा का संचालन किया जाएगा। इसके लिए विभाग में आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। यह आदेश घटती छात्र संख्या और सरकारी धन के दुरूपयोग को रोकने के लिए किया गया है।

अवस्थापना पुनर्वास खंड नई टिहरी को शिफ्ट करने पर रोष

नई टिहरी। नई टिहरी में स्थापित अवस्थापना पुनर्वास खंड नई टिहरी को नई टिहरी से हरिद्वार किये जाने की आशंका को लेकर सिंचाई विभाग कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों व कार्मिकों ने क्षेत्रीय विधायक किशोर उपाध्याय से मुलाकात कर खंड को अन्यत्र शिफ्ट न किए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया। जिसमें पदाधिकारियों ने विधायक से कहा कि लगभग प्रत्येक जनपद में अवस्थापना का खंड कार्यरत है। जिनमें कार्य भी हो रहे हैं। नई टिहरी में भी यह खंड कार्यरत है, उसको खत्म कर शिफ्ट किया जा रहा है, कहा जा रहा है कि यह खंड हरिद्वार में कुंभ का कार्य करेगा। जबकि कुंभ के कार्य के लिए पहले से अन्य खंड कार्यरत हैं। अवस्थापना के कार्य को प्रदेश में देहरादून मुख्यालय से जोशीमठ, उत्तरकाशी आदि जनपदों का कार्य किया जा रहा। तो नई टिहरी से ही कुंभ का कार्य किया जा सकता है, क्योंकि इस खंड के तीन उपखंड ऋषिकेश में कार्यरत है वह कार्य कर सकते हैं। जैसा कि हरिद्वार ऋषिकेश के पुनर्वास संबंधी कार्य पूर्व में इनके द्वारा किया जाते रहे हैं ' जिस पर विधायक ने मुख्यमंत्री को खंड को अन्यत्र शिफ्ट न करने को लेकर पत्र लिखा है और आश्वासन दिया कि इस पर सीधे सीएम धामी से बात भी करेंगे। विधायक को ज्ञापन देने वालों में सिंचाई विभाग के कार्मिकों व पदाधिकारियों में गढ़वाल मंडल उप महामंत्री राजीव नेगी, अध्यक्ष सिंचाई विभाग कर्मचारी महासंघ टिहरी प्रदीप सजवान, सचिव मिनिस्टीरियल एसोसिएशन टिहरी गढ़वाल सतवीर पुंडीर , रजनीश सिंह, प्रियंका, शीशपाल राणा, हरि प्रसाद काला, नरेश रावत, चंद्रवीर , भूपेंद्र, महेश पेटवाल, सुमन श्रीकोटी, संजीव कुमार, दिवाकर नौटियाल, दीपक नेगी, राजेश लाल, प्रशांत भद्री आदि शामिल रहे।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर यूकेडी का सांकेतिक धरना

नई टिहरी। उत्तराखंड क्रांति दल की थौलधार ब्लॉक इकाई ने अध्यक्ष गंभीर सिंह गुसाईं के नेतृत्व में मिशन स्वास्थ्य के तहत सीएचसी छाम–कंडीसौड़ में सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने डीएम और सीएमओ भेजे ज्ञापन में सीएचसी छाम की समस्याएं हल करने की मांग की। गुरुवार को यूकेडी कार्यकर्ताओं ने बताया कि डॉक्टरों की कमी के चलते लोगों को सीएचसी छाम में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। अस्पताल में 9 के सापेक्ष 3 डॉक्टर कार्यरत है। हड्डी, बाल, स्त्री रोग और ईएनटी के डॉक्टर नही है। चारधाम यात्रा का प्रमुख कस्बा होने के बावजूद यहां स्वास्थ्य सेवाओं में कोई सुधार नही किया जा रहा। अस्पताल रेफरल सेंटर बना हुआ है। चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर डॉक्टरों की तैनाती व अन्य समस्याएं हल नही होती, तो कार्यकर्ता आमरण अनशन को बाध्य हो जाएंगे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मयंक रमोला ने बताया कि नए डॉक्टरों की नियुक्ति के बाद अब अस्पताल में 5 चिकित्सक हो गए हैं। एक चिकित्सक जिला अस्पताल में अटैच है, जिसे वापस लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को बेहतर सुविधाएं देने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

गोदियाल के अध्यक्ष का चार्ज संभालने से पहले ही कांग्रेस में बगावत

देहरादून। कांग्रेस के नए घोषित अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने अभी विधिवत चार्ज भी नहीं लिया, उससे पहले ही कांग्रेस में बगावत हो गई है। कांग्रेस के दिग्गज नेता विधायक तिलकराज बेहड़ समर्थक 11 नगर निगम रुद्रपुर के पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष को 16 नवंबर को देहरादून में विधिवत चार्ज लेना है, लेकिन उससे पहले उनके सामने यूएसनगर की इस बगावत को थामने की चुनौती खड़ी हो गई है। यूएसनगर में जिलाध्यक्ष के पद पर हिमांशु गावा की दोबारा ताजपोशी से विधायक तिलकराज बेहड़ बेहद नाराज हैं। उनके बेटे सौरभ बेहड़ समेत कुल 11 पार्षदों ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस मामले में बेहड़ पार्टी नेतृत्व से बेहद नाराज हैं। यूएसनगर से कांग्रेस में ये बगावत उस समय हुई है, जब कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व में 2027 के विधानसभा को ध्यान में रखते हुए बदलाव किया गया

है। ऐसा कर पार्टी को उम्मीद है कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी एक नए जोश के साथ कार्यकर्ताओं को साथ लेकर विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से हराएगी। अभी पार्टी के नए नेतृत्व की घोषणा को कुछ घंटे भी न बीते थे कि पार्टी में बगावत हो गई। अध्यक्ष गोदियाल ने गुरुवार को विधायक तिलकराज बेहड़ से बात कर उन्हें मनाने की कोशिश की। कहा कि जल्द इस मसले को सुलझा लिया जाएगा। दूसरी ओर बेहड़ का कहना है कि पिछले दो दशक से एक ही परिवार का यूएसनगर कांग्रेस संगठन पर कब्जा है। 2002 में इसी परिवार ने उनके खिलाफ कांग्रेस से बगावत कर चुनाव लड़ा। तत्कालीन दिवगंत सीएम एनडी तिवारी के खिलाफ अपशब्द कहे गए। इसके बावजूद उसी परिवार से बार बार कभी नगर अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष बना दिया गया। अब एकबार फिर उन्हें ही दोबारा जिलाध्यक्ष बना कर साफ कर दिया है कि यूएसनगर में बाकि कोई भी सक्षम कांग्रेसी नहीं है। अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने फोन पर बात की है। उन्हें सभी परिस्थितियां देखनी हैं। उम्मीद है कि वे जल्द कोई रास्ता निकाल लेंगे। इस मामले में पार्टी में उनकी बात नहीं सुनी गई। आवाज दबाई गई।

प्रभारी के सामने भी बात रखी गई थी। जिन लोगों ने पंचायत चुनाव में भाजपा के लिए काम किया, वही जिले में पार्टी के मुखिया बने हुए हैं। तिलकराज बेहड़, विधायक इस प्रकरण का जल्द हल निकाल लिया जाएगा। सभी लोगों की बात सुनी जाएगी। पार्टी को एकजुट रखा जाएगा। विधायक तिलकराज बेहड़ से बात कर ली गई है।

श्रम विभाग में सुविधाओं की कमी से मजदूर महिलायें परेशान

नई टिहरी। पहाड़ की पुकार संगठन से जुड़ी महिलाओं ने डीएम व सीडीओ को ज्ञापन सौंपकर श्रम विभाग में पंजीकरण व रिन्यूअल के लिए आ रही महिलाओं के लिए सुविधायें प्रदान करने की मांग की। इनका कहना है कि श्रम विभाग महिलाओं की सुविधाओं को लेकर संवेदनहीन बना हुआ है। जिससे यहां आने वाली महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रम विभाग नई टिहरी में प्रतिदिन लगभग चार से पांच सौ महिलायें अपना श्रम पंजीकरण व रिन्युअल के लिए जनपद के सभी नौ ब्लाकों से आ रही हैं। इन महिलाओं को श्रम विभाग में सुविधायें न होने के चलते भारी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं के लिए दो कमरे में चल रहे श्रम विभाग के कार्यालय में न तो पर्याप्त बैठने व खड़े होने का स्थान है, नहीं उनके लिए नियमित काउंटर बनाये गये हैं। जिसके चलते महिलाओं को दूर–दराज से आने के बाद दिनभर लाईनों में खड़ा रहना पड़ता है। इस पर श्रम विभाग की संवेदनहीनता यह है कि यहां पर इन महिलाओं के लिए न तो पीने के पानी व भोजन की व्यवस्था, नहीं शौचालय की व्यवस्था है। भारी भीड़ होने पर महिलाओं को दो से तीन बार यहां पर आने के लिए बार–बार दूर–दराज से आने पर धन की बर्बादी करनी पड़ रही है। मजदूरी करने वाली महिलाओं को अपने दिन दिहाड़ी का भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिसका नुकसान महिलाओं को कई तरह के परेशानी के रूप में उठाना पड़ रहा है। पहाड़ की पुकार की संस्थापक अवंतिका भंडारी का कहना है कि इसे लेकर डीएम नितिका सहित सीडीओ वरूणा अग्रवाल को ज्ञापन देकर श्रम विभाग मे सभी सुविधायें महिलाओं को प्रदान करने को कहा गया है। ज्ञापन देने वालों में रामेंद्री, पुष्पा, नीमा, रंजीता आदि शामिल रहे।

कनकपाल जनता राउमावि के प्रबंधक बने आनंद बिष्ट

नई टिहरी। कनकपाल जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठी नैलचामी में प्रबंधन समिति का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी की देखरेख में हुए इस निर्वाचन में विद्यालय परिवार एवं कई स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। चुनाव परिणाम में आनंद बिष्ट को एक बार फिर से सर्वसम्मति से प्रबंधक पद के लिए निर्विरोध चुना गया। जबकि दिनेश सिंह गुसाई को अध्यक्ष, अनीता देवी को उपाध्यक्ष, कीर्तिराम थपलियाल को उप प्रबंधक तथा नरेंद्र रावत को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवगठित समिति में चंदन सिंह गुसाई, यशवीर रावत, शरण सिंह कंडारी, सूरत सिंह गुसाई, सूर्यपाल गुसाई, रवि भूषण, रेखा देवी और अनिता देवी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। चुनाव परिणाम के बाद विद्यालय परिसर में नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रबंधक आनन्द बिष्ट ने कहा कि नई समिति विद्यालय के शैक्षणिक और भौतिक विकास में नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगी।

विकासनगर में सड़क किनारे वाहन खड़े करने से लग रहा जाम

विकासनगर। विकासनगर में अस्पताल रोड पर आए दिन लगने वाले जाम से लोगों की परेशानी कम नहीं हो रही है। सड़क किनारे खड़े वाहनों से भी जाम की समस्या बढ़ जाती है। लेकिन इसको लेकर अभी तक कोई ठोस योजना नहीं बन पाई है। विकासनगर की अस्पताल रोड पर चलना लोगों के लिए दूभर हो गया है। नगर का सरकारी अस्पताल और शिक्षा विभाग का ब्लॉक स्तरीय कार्यालय, टेलीफोन एक्सचेंज जैसे सभी कार्यालयों के लिए अधिकतर वाहन और लोगों की आवाजाही के लिए अस्पताल रोड ही मुख्य मार्ग है। इसके अलावा नगर के मार्केट का एक खास क्षेत्र होने के चलते भी यहां हर समय काफी भीड़ रहती है। पहले ही यह मार्ग काफी संकरा है। अतिक्रमण से मार्ग और

संकरा हो गया है। पहले लोग अस्पताल रोड से निकलने के बजाए लोग आसपास के गलियों से निकलकर बाजार पहुंच जाते थे, लेकिन वर्तमान में तमाम गलियों को सीवर और पेयजल लाइन के लिए खोदा गया है। जिसके कारण अधिकतर लोग इसी मार्ग का प्रयोग कर रहे हैं। दूसरी और सैय्यद रोड पर अवैध पार्किंग से भी समस्या बढ़ गई है।

वर्तमान में वैकल्पिक मार्ग खुदे हुए हैं। जिसके कारण पूरा लोड इस रोड पर पड़ गया है। जिससे जाम की समस्या हो रही है। अतिक्रमण और पार्किंग को लेकर नगर पालिका से वार्ता कर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिससे कि लोगों को राहत मिल सके। – विनोद गुसाईं, कोतवाल विकासनगर

अवैध पार्किंग और अतिक्रमण को लेकर जल्द ही पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाया जाएगा। लोगों से भी अपील है कि वह अपने वाहनों को सड़क पर पार्क न करें। जिससे कि जाम की समस्या न हो। – बद्री प्रसाद भट्ट,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका

देहरादून में भूकंप मॉकड्रिल: आपदा से निपटने को जिला प्रशासन परखेगा अपनी तैयारी

देहरादून। भूकंप की संभावित आपदा से निपटने की तैयारी के दृष्टिगत देहरादून जिले में 15 नवंबर,2025 को सुबह 9:30 बजे से 10 अलग–अलग स्थानों पर व्यापक मॉक अभ्यास किया जाएगा। मॉक अभ्यास को लेकर बृहस्पतिवार को सभी एजेंसियों के साथ टेबल टॉप एक्सरसाइज की गई। जिसमें आईआरएस से जुड़े सभी नोडल अधिकारियों को उनके दायित्वों की जानकारी देते हुए पूरी तरह से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि मॉक अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय और राहत कार्यो की दक्षता को परखना है। मॉक ड्रिल के दौरान भूकंप आने की काल्पनिक स्थिति तैयार की जाएगी। अभ्यास के दौरान राहत एवं बचाव कार्यो का प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि

वास्तविक आपदा के दौरान बेहतर समन्वय और कम से कम रिस्पांस टाइम में राहत एवं बचाव कार्यों को अंजाम दिया जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभ्यास में प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन दल, पीआरडी, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित जिले की तमाम एजेंसियां भाग लेंगी। मॉक अभ्यास के दौरान सिविल डिफेंस सिस्टम को परखने के लिए इमरजेंसी सायरन भी बजाए जाएंगे। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि 15 नवंबर को इमरजेंसी सायरन की तेज आवाज सुनाई देने पर घबराए नहीं। इस दिन मॉक अभ्यास के लिए सायरन बजाए जाएंगे। जिले में एक साथ 10 स्थानों पर आपदा राहत एवं बचाव को लेकर मॉक अभ्यास होगा। तहसील सदर के अंतर्गत 06 प्रमुख स्थान कोरोनेशन अस्पताल, महाराणा प्रताप स्टेडियम, आईएसबीटी, विद्युत उप केंद्र आराघर, जल संस्थान खंड दिलाराम चौक तथा पैसिफिक मॉल के आसपास मॉक अभ्यास किया जाएगा। जबकि कालसी के अंतर्गत पाटा गांव एवं राइका कस्तूरबा गांधी में मॉक अभ्यास किया जाएगा। वही विकास नगर में औद्योगिक क्षेत्र सेलाकुई तथा ऋषिकेश में टीएचडीसी के पास मॉक अभ्यास किया जाएगा। साथ ही स्थानीय जनता को भूकंप आपदा में सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।

आंदोलन को सफल बनाने के लिए कार्य बहिष्कार भी करेंगे

देहरादून। उत्तरांचल बिजली कर्मचारी संघ संविदा प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित बैठक में प्रकोष्ठ के कुछ पदाधिकारियों पर आंदोलन को कमजोर करने का आरोप लगाया गया। सर्वसम्मति से प्रदेश महामंत्री, उपाध्यक्ष को हटाकर उनके स्थान पर नई जिम्मेदारी दी गई। उत्तरांचल बिजली कर्मचारी संघ संविदा प्रकोष्ठ की गुरुवार को ईसी रोड स्थित कार्यालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपनल कर्मचारी महासंघ के 10 नवंबर से चल रहे आंदोलन के बारे में चर्चा की गई। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि महामंत्री दीपक शांडिल्य, उपाध्यक्ष मुकेश लखेड़ा व उनके साथी अपना कार्य कर आंदोलन को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। बताया कि इस दौरान आंदोलन कमजोर करने में उन्हें उनके पदों से हटाया गया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित त